आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त


# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

माँ कालरात्रि

शुभ नवरात्रि

● वर्ष- 16 अंक 240- ● जबलपुर ● रविवार, 2 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## कार्तिक आर्यन से आशीष शुक्ला की आत्मीय मुलाकात

### अरुणोदय पंचांग और अरुणोदय डायरेक्टरी के विषय में दी जानकारी

**जबलपुर यश भारत ।** बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन और यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला की शनिवार को होटल नर्मदा जंक्शन में सौजन्य भेंट हुई । इस दौरान आशीष शुक्ला द्वारा उन्हें बहुप्रतीक्षित अरुणोदय पंचांग के विषय में जानकारी दी गई । कार्तिक आर्यन शनिवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर आए थे। इस दौरान उन्होंने अपने व्यस्ततम कार्यक्रम से समय निकालते हुए आशीष शुक्ला और अरुणोदय पंचांग निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रख्यात ज्योतिषाचार्य नारायण शंकर व्यास व ज्योतिषाचार्य लोकेश व्यास से मुलाकात की । इस दौरान अर्थ शुक्ला भी मौजूद रहे। चर्चा में आशीष शुक्ला द्वारा कार्तिक आर्यन को पंचांग के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। साथ ही विगत दो दशकों से प्रकाशित हो रही अरुणोदय डायरेक्टरी की जानकारी भी कार्तिक आर्यन को दी गई । इस दौरान समसामयिक घटनाक्रम पर चर्चा हुई जिस में कार्तिक आर्यन ने जबलपुर के प्रति अपने लगाव को भी जाहिर किया.। **(पेज 3 भी देखें)**

## सब जानते हैं, अमित शाह के घर हुई थी विधायकों की मीटिंग

### अशोक गहलोत का सचिन पायलट पर हमला

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर सचिन पायलट की बगावत को याद किया है। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार को गिराने के लिए अमित शाह के घर मीटिंग हुई थी। यह बात सब जानते हैं। उस मीटिंग में कुछ विधायक भी गए थे। गहलोत ने यह भी बताया कि अमित शाह के घर उस समय धर्मेंद्र प्रधान और जफर इस्लाम भी मौजूद थे



सचिन पायलट का नाम लिए बैगर गहलोत ने कहा, अमित शाह हमारे विधायकों को मिठाई खिला रहे थे। थोड़ा इंतजार करने के लिए कह रहे थे। आखिर में सच्चाई की विजयी हुई। हमारी सरकार बच गई। हम कैसे भूल सकते हैं सरकार बचाने वाले विधायकों को। 102 विधायकों को कैसे भूल सकता हूं। मैं कहां रहूं या नहीं रहूं, यह अलग बात है। मैं विधायकों का अभिभावक हूं। आज दो-चार विधायक मेरे खिलाफ कमेंट भी कर देते हैं तो मैं बुरा नहीं मानता हूं।

सीएम गहलोत ने कहा कि विधायकों को 10-10 करोड़ रुपये मिल रहे थे। होटल से बाहर जाने पर ही 10 करोड़ का ऑफर था। बाद में कई बार स्थितियां बदल जाती हैं। कुछ लोग बदल जाते हैं। लेकिन मैं उनका अहसान नहीं भूल सकता हूं। गहलोत ने आगे कहा, बीजेपी देश में विधायकों की खरीद-फरोख्त का खेल खेलती है। बीजेपी के लोग लोकतंत्र के हत्यारे हैं।



## ग्लोबल –यशभारत गरबा 2022 का सफल आयोजन

**जबलपुर यशभारत।** जगत जननी माँ जगदम्बा की भक्ति में लीन पूरे ग्लोबल प्रांगण में गरबा का आयोजन किया गया, 15000 से ज्यादा विद्यार्थियों से खचाखच भरे मैदान में हर कोई गरबा करते हुए माँ के प्रति अपनी भक्ति प्रदर्शित कर रहा था। **विस्तृत देखें पेज 6 पर ।**

## हार से बौखलाए फैंस मचा रहे थे तांडव, बिछ गई सैंकड़ों लाशें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडोनेशिया में एक फुटबॉल मैच के बाद हुई हिंसा में मरने वालों की संख्या 174 पार कर गई है। जबकि सैकड़ों लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस भीषण हिंसा को लेकर इंडोनेशिया के फुटबॉल संघ ने दुख जताया है। साथ ही अगले एक सप्ताह के मैच पर पाबंदी लगा दी है। इस घटना की जांच के भी आदेश दिए हैं। चलिए, जानते हैं कैसे मैच की एक ने हिंसा का विकराल रूप ले लिया और मैदान में




सैंकड़ों लाशें बिछ गई। घटना शनिवार रात पूर्वी जावा के मलंग रीजेंसी के कंजुरुहान स्टेडियम में इंडोनेशियाई लीग बीआरआई लीगा 1 के एक फुटबॉल मैच के बाद हुई। इलाके के पुलिस प्रमुख, निको अफिंटा ने कहा कि अरेमा एफसी और पर्सेबाया सुरबाया के बीच मैच के बाद हारने वाले पक्ष के समर्थकों द्वारा पिच पर हमला कर दिया गया। जिसके बाद अधिकारियों को आंसू गैस छोड़नी पड़ी, जिससे भगदड़ मच गई थी। उपद्रवियों को शांत करने के लिए पुलिस टीम को आंसू गैस के गोले छोड़े पड़े। जिसके बाद मैदान में भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है कि कई लोगों की मौत दम घुटने की वजह से भी हुई है।

## गुना में तीन नाबालिग बहनें गड्ढे में डूबीं, मौत

**गुना,ईएमएस।** जिले के मृगवास इलाके में तीन नाबालिग बहनों की डूबने से मौत हो गयी। रोड के लिए मुरम उठाने गड्ढा खोदा गया था। इसी में तीनों डूब गयीं। तीनों अपने खेत पर जाने के लिए निकली थीं। तीनों का पता तब चला जब घरवाले उन्हें ढूंढने निकले। तीनों के शव गड्ढे में उतराते हुए दिखे। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। सोमवार सुबह कुम्भराज में तीनों के शव का क्रकिया गया। पुलिस के मुताबिक मृगवास इलाके के कड़िया गांव की सुहाना मीना(9) पुत्री सागर, प्रज्ञा मीना(7) पुत्री सागर और रितु मीना(5) पुत्री राकेश मीना दोपहर में अपने खेत पर जाने के लिए निकली थीं। वहीं पर गांव में सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा मुरम उठाने के लिए एक गड्ढा खोदा गया था, जिसमें बारिश की वजह से पानी भर गया था। बताया जाता है यह तीनों बच्चियां उसी में डूब गई। देर शाम बच्चियों का पता तब चला जब बच्चियों की डेड बॉडी पानी के उतराती दिखीं। तीनों बच्चियां एक ही परिवार की हैं जिसमें दो बच्चियां सागर की एवं एक बच्ची उसके भाई राकेश की है। थाना प्रभारी राजेन्द्र चौह ने बताया कि घटना के बाद से पुलिस पूरे मामले की जांच करने में जुटी है।

## मां कालरात्रि



**नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के मां कालरात्रि रूप की पूजा की जाती है। शास्त्रों के अनुसार बुरी शक्तियों से पृथ्वी को बचाने और पाप को फैलने से रोकने के लिए मां ने अपने तेज से इस रूप को उत्पन्न किया था। इनका रंग काला होने के कारण ही इन्हें कालरात्रि कहा गया। असुरों के राजा रक्तबीज का वध करके मां कालरात्रि देवताओं की रक्षा की थी। इनकी पूजा शुभ फलदायी होने के कारण इन्हें शुभंकारी भी कहते हैं। मां कालरात्रि की पूजा करने से बुरे समय का नाश होता है और इनकी कृपा से घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।**

**इनकी आराधना का मंत्र है :**

**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकणी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।**
**वामपदोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा। वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।**





मढ़ई की देवी



जाबाली दुर्गोत्सव समिति हरदौल मंदिर चेरीताल



सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति शीला टाकीज

# चैतन्य देवियों की झांकी



**जबलपुर, यशभारत।** राजयोग के द्वारा होता है तन और मन का नियंत्रण ,उपरोक्त उद्गार ब्रम्हाकुमारी भावना बहन ने ब्रह्माकुमारीज, शिव स्मृति भवन भवरताल जबलपुर के सभागार में चैतन्य देवियों की झांकी का दीप जलाकर शुभारंभ करते हुए व्यक्त किये आपने कहा कि राजयोग का अभ्यास हमारे मन की अशुद्धियो को सहजता से परिवर्तन कर शक्तिशाली बनाता है कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपास्थि भ्राता सतपाल सिंग पटेल , , मुख्य अभियंता स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर म प्र पवार ट्रांस, कं,ने राजयोग के इस अद्भुत अभ्यास की भूरी भूरी प्रसंसा करते हुए कहा कि ये बहनों की तपस्या का ही प्रभाव है कि ये ऐसी जड़ता को धारण किये हुए है।कार्यक्रम में भ्राता अभय जैन डॉक्टर एस एस ठाकुर राधा सोनीआदि उपस्थित रहे।ये चेतन्य झांकिया 5 अक्टूबर तक लोगों के दर्शनार्थ दिखाई जाएगी।

# विवेचना का 28वां राट्रीय नाट्य समारोह 12 से

## पांच चुनिंदा नाटकों का मंचन होगा

जबलपुर, यशभारत। विवेचना थियेटर ग्रुप ( विवेचना, जबलपुर ) का 28 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह इस वर्ष 12 से 16 अक्टूबर 2022 तक आयोजित होगा। यह समारोह 5 दिवसीय होगा। इस समारोह में विवेचना ने विशेष नाटकों का चुनाव किया है। पहले दिन 12 अक्टूबर को मुम्बई के कलाकार प्रसिद्ध फिल्म व टी वी कलाकार अशोक बांठिया के निर्देशन में 'लोमड़ियां' नाटक मंचित करेंगे। यह नाटक भारत व विदेशों में बार बार मंचित हुआ है। दूसरे दिन 13 अक्टूबर को शैडो थियेटर ग्रुप के कलाकार युवा निर्देशक मनोज नायर के निर्देशन में मजेदार नाटक 'नेपथ्य में शकुन्तला' नाटक मंचित करेंगे। तीसरे दिन 14 अक्टूबर शुक्रवार को चेतना रंगसमूह भोपाल के कलाकार बहुप्रशंसित नाटक 'बैटर हाफ' का मंचन करेंगे। यह नाटक बुजुर्ग पति पत्नी के प्रेम और संघर्ष की कहानी है। यह नाटक प्रथम प्रदर्शन से ही बहुत सराहा गया है। चैथे दिन 15 अक्टूबर 2022 को गाथा रंगमंच दिल्ली के कलाकार वरिष्ठ निर्देशक भूपेश जोशी के निर्देशन में महाकवि भास का क्लासिक खूबसूरत नाटक 'चारूदत्त' प्रस्तुत करेंगे। यह नाटक अन्तर्राट्रीय भारत रंगमहोत्सव में मंचित हो चुका है। पांचवें और अंतिम दिन 16 अक्टूबर को अंक मुम्बई के कलाकार स्व रनवीर सिंह का लिखा और स्व दिनेश ठाकुर द्वारा निर्देशित नाटक 'हाय मेरा दिल' मंचित करेंगे। यह विशुद्ध हास्य नाटक है जिसके 1300 से अधिक प्रदर्शन हुए हैं। यह समारोह तरंग प्रेक्षागृह में एम पी पावर मैनेजमेंट कं लि, केन्द्रीय क्रीड़ा व कला परिषद के सहयोग से आयोजित होगा। नाटकों का मंचन प्रतिदिन संध्या 7.30 बजे होगा। इस अवसर पर चित्र प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी व प्रतिदिन प्लेटफॉर्म प्रदर्शन होंगे। विवेचना थियेटर ग्रुप की ओर हिमांशु राय, बांकेबिहारी ब्यौहार, मनु तिवारी, अजय धाबर्डे आदि ने सभी नाट्य प्रेमी दर्शकों से समारोह के सभी नाटकों को देखने का अनुरोध किया है।

## गांधी जयंती पर 3 किलोमीटर तक पिलोग दौड़

जबलपुर, यशभारत। साईं एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी जन्मतिथि पर पिलोग दौड़ का आयोजन रानीताल खेल परिसर से किया गया ,कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अर्जुन अवॉर्डी मधु यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ की गई इसी के साथ 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विभिन्न प्रकार के आयोजन खेल मैदानों में किए जाने हैं ,खेल से जुड़ी गतिविधियां ,खेल प्रकरणों की सफाई एवं अन्य कार्यक्रम किए जाना सुनिश्चित किया गया है। इस कार्यक्रम की थीम च्ज्आजादी के 75 साल फिटनेस रहे बेमिसाल च्ज रखी गई है इस दौड़ में विभिन्न खेलों के खिलाड़ी कोचेस एवं अन्य नागरिकों ने शामिल होकर इसका संदेश दिया।



## श्रेया अग्रवाल ने नेशनल गेम्स में रजत पदक जीता



जबलपुर, यशभारत। अहमदाबाद गुजरात में चल रहे 36वें नेशनल गेम्स में संस्कारधानी की राइफल शूटर श्रेया अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। श्रेया ने नेशनल गेम्स में 10 मीटर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह के साथ भाग लिया। क्वालिफिकेशन राउंड में श्रेया ने 315 . 4 तथा ऐश्वर्य ने 314. 2 स्कोर अर्जित कर फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल राउंड में दोनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश के लिए द्वितीय स्थान एवं रजत पदक जीता। विदित हो की श्रेया विगत 7 वर्षों से गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय कोच श्री निशांत नाथवानी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं है। श्रेया मान कुँवर बाई कॉलेज की बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा हैं ।

# बापू- शास्त्री की जयंती पर माल्यार्पण, संगोष्ठी

**जबलपुर,यशभारत।** शहर कांग्रेस के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वगीर्य लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और कहा



कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए सत्य अहिंसा सत्याग्रह के माध्यम से देश को आजाद कराया और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश की उत्तरोत्तर तरक्की के लिए जय जवान जय किसान का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने देश में जवानों और किसानों के महत्व के आधार पर देश की विकास के लिए नीव रखी आज के दिन कांग्रेस जनो ने देश के दोनों लाडले सपूतों को याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष महापौर जगत बहादुर पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया विधायक विनय सक्सेना स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रभान राय कैलाश तिवारी टीकाराम कोष्टा- सतीश तिवारी श्रीमती कमलेश यादव रेखा विनोद जैन इंदिरा पाठक तिवारी विवेक अवस्थी शिव नामदेव अनुराग गढ़वाल रूपेंद्र पटेल झलले लाल जैन मनीष पटेल मनोज सेठ मीनाक्षी स्वामी अनुराग गढ़वाल गीता शरद तिवारी गुड्डू नवी आरिफ बेग पलास मजूमदार आदि माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस




## वृद्धाश्रम में भव्य कार्यक्रम

**जबलपुर, यशभारत।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जबलपुर द्वारा संचालित निराश्रित वृद्धाश्रम में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया, सचिव आशीष दीक्षित, प्रदेश प्रबंधकारिणी सदस्य डॉ सुनील मिश्र ने किया। कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग, अधीक्षिका श्रीमती रजनीबाला सोहेल तथा निवासरत वृद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वृद्धजनों का सम्मान उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया, सचिव आशीष दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में महर्षि विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं तथा निवासरत वृद्धजनों अनेक प्रस्तुतियां दी।

# नवरात्र पर्व की सप्तमी, अष्टमी, नवमी को यातायात व्यवस्था

## डायवर्सन प्वाइंट लगाए जाएंगे

**जबलपुर,यशभारत।** प्रतिवर्षानुसार जबलपुर में नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि पर्व दौरान शहर के सार्वजनिक स्थानों/मंदिरों में दुर्गा जी की प्रतिमाएं रखी गई है। जिनके दर्शन हेतु भारी संख्या में देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भीड़-भाड़ रहती है। व्यवस्थित यातायात हेतु शहर के विभिन्न स्थानों पर यातायात डायवर्सन पाईट लगाये जावेगें । जिनमें यातायात व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी। 1- बड़ी खेरमाई ,बूढी खेरमाई मंदिर यातायात व्यवस्था-भानतैलया , बकरा मार्केट ,अनवरगंज से बडी खेरमाई की तरफ एवं मछली मार्केट ,मिलौनीगंज चौक ,चारखंबा से बूढी खेरमाई की तरफ चार पहिया/ तीन पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे । 2-गढ़ाफाटक महाकाली माता प्रतिमा यातायात व्यवस्था-शंकर घी भंडार, चरहाई क्रासिंग, लोहिया पुल, रानीताल चौक पाइन्टों से समस्त प्रकार के चार पहिया/ तीन पहिया वाहन महाकली प्रतिमा की ओर जाना प्रतिबधित रहेगे। अवश्यकता अनुसार दो पहिया वाहनो का भी डायवर्सन किया जावेगा। 3-पड़ाव महाकाली माता प्रतिमा यातायात व्यवस्था-शंकर घी भंडार, पाण्डे चौक, आगा चौक पाइन्टों से समस्त प्रकार के चार पहिया/ तीन पहिया वाहन महाकली प्रतिमा की ओर जाना प्रतिबधित रहेगे। अवश्यकता अनुसार दो पहिया वाहनो का भी डायवर्सन किया जावेगा। 4-कछपुरा महाकाली माता प्रतिमा यातायात व्यवस्था-मेहता पेट्रोल पंप क्रासिंग, मेहता पेट्रोल पंप अंदर क्रासिंग, दरयानी कोचिंग क्रासिंग पाइन्टों से समस्त प्रकार के चार पहिया/ तीन पहिया वाहन महाकली प्रतिमा की ओर जाना प्रतिबधित रहेगे । अवश्यकता अनुसार दो पहिया वाहनो का भी डायवर्सन किया जावेंगा। 5-सुनरहाई एवं नुनहाई दुर्गा प्रतिमा यातायात व्यवस्था-कमानिया गेट, सराफा चौक, राजारसगुल्ला, हितकारिणी स्कूल, खटीक मोहल्ला पाइन्टों से समस्त प्रकार के चार पहिया/ तीन पहिया वाहन प्रतिमा की ओर जाना प्रतिबधित रहेगे । अवश्यकता अनुसार दो पहिया वाहनो का भी डायवर्सन किया जावेंगा।6-मुख्य बाजार बडा फुहारा यातायात व्यवस्था- सुपर बाजार ,कछियाना क्रांसिग, गंजीपुरा, तुलाराम चौक, पाण्डे चौक पाइन्टों से समस्त प्रकार के चार पहिया/तीन पहिया वाहन बडा फुहारा की ओर जाना प्रतिबधित रहेगे ।7- सदर बाजार यातायात व्यवस्था - पेंटी नाका चौक, टीआई क्रांसिग, जयसवाल पेट्रोल पंप पाइन्टों से समस्त प्रकार के चार पहिया/तीन पहिया वाहन सदर बाजार की ओर जाना प्रतिबधित रहेगे ।8- समस्त रूट की सवारी बसे आईएसबीटी दीनदयाल से पाटन एंव कटंगी बायपास होकर आवागमन करेगी, शहर के अंदर प्रवेश नहीं करेगी।9- समस्त प्रकार के भारी वाहन देर रात्रि तक नो एन्ट्री पाइन्ट पाटन, कटंगी, अमखेरा, अंधमुख, बरगी हिल्स, सग?ा, एकता मार्केट, महाराजपुर, खमरिया बायपास, से जब तक शहर मे भीडभाड रहेगी, प्रतिबधित रहेगें। अतिआवश्यक सेवा वाले वाहन जैसे फायरब्रिगेड, एम्बुलेंस, प्रतिबधिंत नहीं रहेगें।



# तिलहरी में इंडियन कॉफी हाउस की नई शाखा का शुभारम्भ

**जबलपुर, यशभारत।** इंडियन कॉफी हाउस उसकी सुगंधित कॉफी, स्वादिष्ट व्यंजन और उत्कृष्ट आतिथ्य सेवा के साथ, 65 वर्षो से जनता का विश्वास हासिल किया है। कॉफी हाउस की खासियत उत्कृष्ट आतिथ्य सेवा, सभी शाखाओं में एक जैसा अनूठा स्वाद एवं आम लोगों के लिए किफायती मूल्य, शांतिपूर्ण वातावरण, चमकदार क्रॉकरी और कटलेटरी, साफ सुथरा सफेदवर्दी में पगडी के साथ वेटर-मुस्कुराते हुए ग्राहकों का स्वागत, ग्राहकों के प्रति सभ्य व्यवहार, त्वरित सेवा आदि कॉ?ी हाउस की विशेषता है। वे अच्छी तरह जानते हैं कि बदलते अंदाज के अनुसार ग्राहक सेवा कैसे करना है चाहे वो बच्चा युवा या वयोवृद्ध हो । जबलपुर के लोगों को अब तिलहरी अनंतारा रेजिडेंशियल रिज़ॉर्ट के पास वाला इस इंडियन कॉफी हाउस द्वारा प्रदान किए गए शुद्ध भोजन के स्वाद का आनंद ले सकते है। कॉफी हाउस की अन्य प्रसिद्ध वस्तुओं, सांबर और चटनी के साथ मसाला डोसा, इडली, वड़ा, उपमा आदि हैं। इसके अलावा कटलेट, बिरयानी, जैसे विशेष रसोइयों द्वारा तैयार किया जा रहा है स्वादिष्ट साउथ इंडियन, नार्थ इंडियन, चाइनीज एवं अन्य व्यंजन भी उपलब्ध है। इंडियन कॉफी हाउस की इस शाखा का उद्घाटन, . अशोक रोहाणी, कन्टोन्मेंट, जबलपुर म.प्र.) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि इंडियन कॉफी हाउस देश में एक आदर्श संस्थान है और सहकारी आंदोलन की ताकत के लिए सबसे अच्छा उदाहरण है । कॉफी हाउस की विशेषता इसके भोजन और स्वाद की बेहतर गुणवत्ता है, कॉफी हाउस की प्रत्येक वस्तु का एक विशेष स्वाद होता है। साफ और स्वच्छ एक और चीज है जो ग्राहकों को आकर्षित करती है। विशेष रूप से सोसायटी के अध्यक्ष ओ. के. राजगोपालन और सचिव एम प्रकाशन शुभकामनाएं दीं।

# गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सत्याग्रह

जबलपुर। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष रविकांत दहायत ने बताया कि प्रांतीय आह्वान पर पूरे प्रदेश के सभी जिलों में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष अपनी 20 सूत्रीय मांगों प्रदेश के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली पदोन्नति का लाभ केंद्र के समान 4प्रश डीए अति शीघ्र बढ़ाने जैसी मांगों को लेकर जबलपुर में भी जिला चिकित्सालय के पास गांधी भवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को ज्ञापन सौंपकर सत्याग्रह पर बैठे तथा प्रदेश सरकार से मांग की गई कि अतिशीघ्र हमारी मांगों का निराकरण किया जाए ।इस अवसर पर संघ के प्रांतीय महामंत्री संभागीय अध्यक्ष अजय कुमार दुबे, प्रदेश आईटी सेल उपाध्यक्ष एवं संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष विपिन पीपरे, संभागीय संरक्षक राम कुमार मेहरा एवं संभागीय महामंत्री सहदेव रजक, जिला महामंत्री सुरेश बालमिक, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र राय, जिला सचिव प्रमोद कुमार, राजकुमार केवट, सुरेश कोल, राकेश बडोले. राजेश भैया, विश्वास लाजरस, प्रेम नारायण ठाकुर, अशोक कोटुरवार, अशोक बालवीर, कमलेश लाहौरी, धर्मेद्र मनीष बमले, बाबूलाल, , पवन भारती, ताहिर खान, रामेश्वर सोनी, उपस्थित रहे।



डाक्टर चैम्बर उपलब्ध है
पता:
त्रिवेणी हास्पिटल के सामने
अशोका होटल के बाजू में
(लाल बंगला)
संपर्क:
9300068860,
7691912082

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU,
जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लड़या →रोस्टेट ड्राई फ्रूड
→वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट
→फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़→चने
AK'S Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एपोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
www.shalby.org

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एपोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल,
कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी
रंग डिजाइन, मिंक कम्बल,
रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )



माँ नर्मदा राहत क्लिनिक का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू

## माँ नर्मदा राहत क्लिनिक का उद्घाटन

# शहर के 70 अस्पतालों में मिलेगा नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श

### रोटरी प्रीमियर क्लब और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, अस्पताल संघ की शानदार पहल

**जबलपुर, यशभारत।** रोटरी प्रीमियर क्लब और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, अस्पताल संघ के संयुक्त तत्वावधान में आज को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में माँ नर्मदा राहत क्लिनिक का उद्घाटन आईएमए हॉल में किया गया। मानवता सेवा के तहत जबलपुर में करीब 70 से अधिक अस्पतालों को पंजीकृत किया गया। जहां जरुरतमंदों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। इस राहत क्लिनिक का उद्घाटन राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा के मार्गदर्शन में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, अधिवक्ता वरुण तन्खा, डॉक्टर अमरेन्द्र पांडे, डॉक्टर जतिन धीरावाणी, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे ने किया। कार्यक्रम में वर्जुअल उपस्थित रहे स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग, डॉक्टर नरेश त्रेहान मेंदाता डारेक्टर , जस्टिस राजेन्द्र मेनन, डॉक्टर वाजपेई, डॉक्टर अनंत मोहन एचओडी एम्स, लेफ्टिनेंट जर्नल अजय सिंग ने मुक्त कंठ से कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला भी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद ग्वारीघाट में मां नर्मदा का पूजन किया गया। जिसके बाद मां नर्मदा राहत क्लिनिक में पंजीकृज अस्पतालों का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर राज्ससभा सांसद श्री तन्खा ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि नई पीढ़ी भी सामाजिक सरोकार के साथ मानव सेवा में काफी तेजी से आगे आ रही है। वहीं, डॉक्टर नरेश त्रेहान ने कहा कि यह अतुलनीय प्रयास है। इससे दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों के लोगों को बीमारी पता चलने के साथ ही साथ इलाज की दिशा पता चलेगी।



**प्रत्येक रविवार दोपहर 12 से 4 बजे तक होगा फ्री परामर्श**

मां नर्मदा राहत क्लिनिक के तहत शहर के करीब 70 से अधिक अस्पतालों में प्रत्येक रविवार को दोपहर 12 से 4 बजे तक निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। उक्त क्लिनिक 3 महीने के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के तहत शुरु किया गया है।



डॉक्टर अमरेन्द्र पांडे का धन्यवाद करते श्री तन्खा



विमोचन करते श्री तन्खा साथ में महापौर अन्नू, यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला

### महापौर ने स्वास्थ्य मंत्री को दिया चाय का न्यौता

कार्यक्रम में वर्जुअल उपस्थित रहे स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग के जबलपुर आगमन पर विकास के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने चाय का न्यौता दिया। इस पर श्री सारंग ने कहा कि जबलपुर आएंगे, चाय नहीं खाना भी खाएंगे और साथ में मिलकर विकास करेंगे। डॉक्टर अमरेन्द्र पांडे ने कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं, कार्यक्रम का संचालन कर रहे अधिवक्ता वरुण तन्खा की तारीफ करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री सारंग ने कहा कि आपमें भी मानवता सेवा का जज्बा पिता जैसा है। संचालन में शेरो-शायरी आप जो पढ़ रहे थे, मुझे भी भेजें।

### ननि करेगा विशेष प्रयास

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि, नगर निगम हर वार्ड तक राहत क्लिनिक पहुंचाने का प्रयास करेगा। जौन स्तर तक क्लिनिक बनाने की तैयारी है। उन्होंने तन्खा की तारीफ करते हुए कहा कि जबलपुर के प्रति उनका लगाव काबिले तारीफ है।






बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के साथ मौजूद प्रख्यात ज्योतिष आचार्य नारायण शंकर व्यास वह ज्योतिषाचार्य लोकेश व्यास जिन्होंने अरुणोदय पंचांग के विषय में कार्तिक आर्यन को सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान आशीष शुक्ला और अर्थ शुक्ला भी मौजूद रहे।

## मोबाइल दुकान संचालिका की गर्दन में बका रखने वाले बदमाश धराए

### 10 हजार रुपये हफ्ता वसूली करने की जमकर तोड़फोड़



**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के बिलपुरा में मोबाइल दुकान संचालिका महिला के गर्दन में बका रखकर, दस हजार रुपये हफ्ता की वसूली करने वाले दोनों आरोपियों ने को मुस्तैद पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपियों ने कोहराम मचाते हुए दुकान में जमकर तोड़फोड़ की थी। जिनसे पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बिलपुरा में मोबाइल और कंम्प्यूटर दुकान संचालिका ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि विगत दिन उसकी दुकान में अनुराग यादव उर्फ अन्नू और अक्कू चौधरी आए और जमकर गालीगलौच कर, उसकी गर्दन में बका रख दिया। वह सहम गयी। जिसके बाद आरोपियों ने कहा कि उन्हें दस हजार रुपये हफ्ता दो, नहीं तो दुकान नहीं चलाने देंगे। उसने विरोध किया तो दुकान के सीसीटीव्ही कैमरे तोड़ दिए और शोर मचाने पर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी सहदेव साहू के मार्गदशन में एएसआई मनोज गोस्वामी सहित अन्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# असामाजिक तत्वों पर करें कठोर कार्यवाही : आईजी उमेश जोगा

### जोन के पुलिस अधीक्षकों की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

**जबलपुर, यशभारत।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा द्वारा आगामी त्यौहारों के परिपेक्ष्य में जोन के पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली गई। जिसमें सर्तकता बरतने एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। साथ ही थाने मे आने वाले पीडित एवं आम जनता से संवेदनशील व सहानूभूतिपूर्वक व्यवहार करने, सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करने, वारंटियों को गिरफ्तार करने, नशे आदि के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाने सहित माननीय न्यायालय में केस डायरी समय पर पेश करने के निर्देश दिए गए। अति. पुलिस महानिदेशक, जबलपुर जोन उमेश जोगा के द्वारा जोनल कार्यालय जबलपुर में जोन के पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा हेतु बैठक ली गई। बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर रेंज आर.आर.एस. परिहार, एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक कटनी सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर विपुल श्रीवास्वत, पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा विवेक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सिवनी रामजी श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक अजाक जबलपुर श्रीमति रेखा सिंह, प्रभारी जोनल महिला अपराध जबलपुर ऋषि सिरोठिया अधिकारी उपस्थित रहे। अति. पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा के द्वारा कानून व्यवस्था स्थिति की समीक्षा कर निर्देशित किया कि अगामी त्यौहारों के परिप्रेक्ष्य में सर्तकता बरती जावे, सोशल मीडिया पर पैनी निगाह रखी जावे, साम्प्रदायिक सदभाव बिगाड़ने वाले अथवा धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले लोगों, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की



जावे, त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूस एवं आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पर्याप्त पुलिस बल लगाने व यातायात परिवर्तन कर आमजन को सूचित करने, मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब, नदी इत्यादि विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था लगाने, गहराई में न जाने के संबंध मे आमजन को अवगत कराने, डूबने से बचाने हेतु पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। आगामी त्यौहारों दशहरा, ईद, दीपावली इत्यादि के दौरान बाजारों/मार्केट मे पुलिस व्यवस्था लगाई जाकर पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। अपराधों की समीक्षा पर हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार के अपराधों में अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने एवं उनमें गुणवत्ता पूर्ण विवेचना कर आरोपी को सजा दिलाने हेतु निर्देश दिये गये।

### चिन्हित अपराधों की तत्परता से विवेचना

चिन्हित अपराधों की समीक्षा करने पर वर्ष 2022 में जोन मे कुल 104 निर्णय मे से 73 अपराधों में सजायाबी होना पाया गया। चिन्हित अपराधों की तत्परता से विवेचना करने एवं न्यायालय विचारण मे लंबित चिन्हित अपराधों की प्रतिदिन की मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु 1 अगस्त 2022 से 15 सितंबर 2022 तक ''ऑपरेशन मुस्कान'' चलाया जाकर जिलो में लंबित गुम अव्यस्क बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी करने के लिये हर संभव प्रयास करने हेतु निर्देश दिये गये थे। परिणामस्वरूप जबलपुर जोन के जिलों में कुल 240 गुम बालक,बालिकाओं को दस्तयाब किया गया, जिनमें बालिका-191, बालक-49 है। जिला जबलपुर-96, कटनी-55, सिवनी-34, छिंदवाडा-29 एवं नरसिंहपुर-26 गुम बालक /बालिकाओं को दस्तयाब किया गया। जोन में दस्तयाबी में 35 बालक/बालिकाओं को अन्य प्रदेशों जहॉ-जहॉ उनके होने की सूचना प्राप्त हुई जैसे महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ, गुजरात, दिल्ली, आंधप्रदेश, तेलंगाना, जम्मू एंड कश्मीर मे विशेष पुलिस टीम को भेजकर दस्तयाब किया गया। वही 23 बालक/बालिकाओं को मध्य प्रदेश में जबलपुर जोन के बाहर के जिलों जैसे इंदौर, राजगढ, दमोह, भोपाल, रायसेन, बैतूल, हरदा, सागर, इत्यादि स्थानों पुलिस टीम के द्वारा दस्तयाब किया गया। उच्च न्यायालय द्वारा केस डायरी अथवा विवेचक/थाना प्रभारी को बुलाये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया कि ऐसी स्थिति में संबंधित पुलिस अधिकारी पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में जानकारी लाकर माननीय न्यायालय में उपस्थित हो। जिससे पुलिस अधीक्षक संबंधित प्रकरण की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु तत्काल निर्देश जारी कर, तामीली कराया जाना सुनिश्चित कर सके।

## कुख्यात गैंग के 2 गुर्गों को पुलिस ने देशी पिस्टल, कट्टा, 8 कारतूस के साथ दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** थाना संजीवनीनगर की टीम ने घेराबंदी कर 2 आरोपियों को दबोचकर , देशी 1 पिस्टल, 1 कट्टा, 8 कारतूस तथा बाइक जब्त की है। बताया जा रहा है कि आरोपी कुख्यात गैंग के गुर्गे है जो गैंगवार करने खड़े ही थे कि तभी मुस्तैद पुलिस ने आरोपियों को दबोच लिया। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि 2 युवक बिना नम्बर की पल्सर बाइक में बहदन पुल रेल्वे ट्रेक के पास लिंक रोड में कोई अपराध करने की नीयत से खड़े हैं। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर विनय साहनी 22 वर्ष निवासी पटेलनगर तथा मंगल चौधरी 21 वर्ष निवासी आश्रम दर्शनी थाना सिहोरा को दबोचकर शस्त्र जब्त किए है।

## एक्सिस में ढुल रही थी देशी शराब

### ग्राहक का इंतजार कर रहा था तस्कर, पहुंच गयी पुलिस

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट पुलिस ने एक्सिस में बोरे में लादकर शराब तस्करी करने वाले गिरोह के गुर्गे की घेराबंदी कर 18 हजार की मदिरा और वाहन जब्त किया है। वहीं, आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी श्रीमति भूमेश्वरी चौहान ने बताया कि सूचना मिली कि एक युवक एक्सिस में शराब लेकर आयुर्वेदिक कॉलेज ग्राउण्ड के पीछे तरफ बेचने किसी का इंतजार कर रहा है जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी की तो एक्सिस चाबी सहित छोड़कर आरोपी अवधपुरी रेल्वे ट्रेक की ओर से भाग गया। मौके पर एक्सिस वाहन के सामने तरफ रखे बोरे को चैक करने पर बोरे के अंदर 300 पाव देशी शराब के कीमती लगभग 18 हजार रूपये की रखी मिली। एक्सिस में आधा अधूरा नम्बर एमपी 20 यू 01 लेख हुआ है। वाहन जब्त करते हुए कार्रवाई की गई।

## परिजन गए थे दशहरा घूमने अधेड़ ने लगा ली फांसी



**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर की नट बस्ती ने एक शराबी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस वक्त यह घटना हुई परिजन दशहरा घूमने गए थे। जब लौटकर आए तो देखा कि अधेड़ फंदे पर लटका था। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, जांच में लिया है। पुलिस ने सूचना देते हुए बताया कि नट बस्ती निवासी कालीचरण पिता मानसिंग चौधरी 46 साल ने घर में पंखे पर लटककर फांसी लगा ली। जब परिजन घर पहुंचे तो देखा कि अधेड़ फंदे पर लटका था। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी शराब का अधिक सेवन करता था। मामले की जांच जारी है।

## ई-रिक्शा को छोटे हाथी ने मारी टक्कर

### पिता-बेटी बुरी तरह घालय, आरोपी फरार

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत दद्दा नगर के पास एक बेकाबू छोटे हाथी ने ई-रिक्शा को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा में बैठा चालक और उसकी बेटी बुरी तरह घायल हो गए। वहीं, आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नरेश विश्वकर्मा पिता स्व मूलचंद विश्वकर्मा 44साल निवासी बेलखाडू कंटगी ने बताया कि वह अपने ई-रिक्शा से घर जा रहा था। तभी छोटा हाथी क्रमांक एमपी 20 डीबी 2076 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में उसके साथ और बेटी के कान में चोट आई है। पुलिस आरोपी को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

## बाइक फूंकी, घर में घुसकर की जमकर मारपीट

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल में मकान के विवाद में दो आरोपियों ने पीड़ित के घर में घुसकर जमकर मारपीट की और फिर घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लगा दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शेख अज्जू उर्फ कल्लन पिता शेख मुहर्रम 34 साल पनगूड़ी माढ़ोताल ने बताया कि उसने मकान खरीदा है। लेकिन दिप्पू यादव आया और कहने लगा कि मकान उसका है। गालीगलौच कर मारपीट करने लगा। इसी बीच उसका साथी आ गया और दोनों ने उसकी बाइक में आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिल्डर राजू वर्मा की हालत नाजुक

### लाइसेंसी पिस्टल से खुद को मार ली गोली, मेडिकल में भर्ती

**जबलपुर, यशभारत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में डिलाइट टाकीज के पास निवासी बिल्डर राजू वर्मा ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। बिल्डर ने आत्महत्या करने के उद्देश्य से पिस्टल को गले पर रखकर फायर किया था। घटना के बाद खून से लथपथ बिल्डर को निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के पीछे क्या कारण है, पुलिस इसका पता लगा रही है। सिविल लाइन टीआइ रमेश कौरव ने बताया कि डिलाइट टाकीज निवासी राजू वर्मा बिल्डर है। रोजाना की तरह शनिवार सुबह सोकर उठे। कुछ देर बाद ही सुबह करीब साढ़े आठ बजे राजू ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाली और गर्दन पर रखकर ट्रिगर दबा दिया। राजू की पत्नी दूसरे कमरे में थी। गोली की आवाज सुनते ही पत्नी और बेटी कृतिका दहशत में आ गए। दोनों दौड़कर कमरे के अंदर पहुंची।

वहां राजू खून से लथपथ पड़े थे। गले से खून की धार बह रही थी। पास ही लाइसेंसी पिस्टल भी पड़ी थी। घटना के तत्काल बाद राजू को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।



# बालमन को संस्कारों से सींचने का भी पर्व

**परंपरागत मूल्य बुनियाद बन जीवन को थामते हैं तो आध्यात्मिक सोच मन को ठहराव देती है, संस्कारों को पोषित करती है। किशोरावस्था सोच-समझ और संस्कारों की बुनियाद बनाने का ही पड़ाव है। बड़े होते बच्चों के व्यवहार को दिशा देने के लिए उम्र के इस मोड़ पर दी गई समझाइश उन्हें सदा के लिए जीवन मूल्यों से जोड़ देती है। छोटे-बड़ों को स्नेह-सम्मान देने और मर्यादित व्यवहार अपनाने वाले व्यक्तित्व की पुख्ता बुनियाद बनाती है।**

भटकाव और भ्रम से भरी आज की दुनिया में बड़े होते बच्चों को थामने के लिए उनके विचार और व्यक्तित्व की इस नींव को मजबूत बनाना जरूरी है। नवरात्र का पर्व, नई शक्ति और सोच का संचार करने वाला पावन उत्सव है। उपासना के ये नौ दिन मानवीय सोच और मन को मजबूत बनाने का अवसर हैं। ऐसे में मां दुर्गा की आराधना के पर्व पर नई पीढ़ी के मन-जीवन को भी दिशा दीजिये।

## मर्यादित जीवन का पाठ पढ़ाएं

मर्यादित जीवन जीने की सोच इन्सान को हर फंट पर सही-गलत, उचित-अनुचित का फर्क समझाती है। यही फर्क हर जिम्मेदारी को ठीक से निभाने, व्यवहार में शालीनता रखने और हर हाल में गलत राह पकड़ने से बचने की समझ देता है। गरिमामय और मर्यादित जीवन जीने वाला व्यक्ति खुद अपने मान और मन के विश्वास के मायने भी समझता है और दूसरे लोगों के साथ भी सम्मान भरा व्यवहार करता है। मर्यादित सोच का बंधन जिन्दगी को थामना सिखाता है। आज के दौर में ब? होते बच्चों में कई चीजों की लत, दिखावे की सोच और उद्दंड व्यवहार बहुत आम हो चला है। कई टीनेजर्स हमउम्र बच्चों की देखा-देखी गलत आदतों के जाल में फंस जाते हैं। अभद्र भाषा बोलने लगते हैं। ऐसे में अगर मन की बुनियाद मजबूत हो, सोच की दिशा को शुरुआत में ही सार्थक मोड़ दिया जाये, समय रहते मर्यादित व्यवहार का पाठ पढ़ाया जाए तो टीनेजर्स ऐसी दिखावटी-बनावटी बातों के जाल में नहीं फंसते। आदिशक्ति की आराधना के इस उत्सवीय परिवेश में टीनएज बच्चों को सधी और शालीन जिन्दगी का पाठ पढ़ाएं। मर्यादित जीवनशैली के मायने समझाएं।

## आध्यात्मिक सोच से जोड़ें

जिन्दगी को थामने के लिए मन को साधना जरूरी है। मन का ठहराव और सोच की सही दिशा ही सुरक्षित, सफल और सार्थक जिन्दगी की ड्राइविंग फोर्स है। नवरात्र के नौ दिन मन की ऊर्जा को साधने के दिन ही तो हैं। इस ऊर्जा का आधार दिलो-दिमाग को शांत और सहज रखने के भाव से जुड़ा है। ऐसे में बच्चों को स्पीरिचुअलिटी से भी जोड़ें। किशोरावस्था में आध्यात्मिकता से जुड़ने से वाले बच्चे अपने भीतर की शक्ति से रूबरू होते हैं। उनके मन में परिवार व परिवेश से मिले स्नेह और सुख-सुविधाओं को लेकर कृतज्ञता के अहसास पनपते हैं। बात-बात में शिकायतों का पिटारा खोल लेने वाली इस उम्र में बच्चे अपने हिस्से आई ब्लेसिंग्स को गिनने लगते हैं। स्पीरिचुअलिटी उनको सकारात्मक मनोभावों और आत्म संतुष्टि की ओर ले जाती है। मन की उलझनों को दूर कर उनकी निर्णय क्षमता बढ़ाती है। इतना ही नहीं, स्पीरिचुअल सोच प्रकृति से जुड़ाव, परिवार से स्नेह और समुदाय के लिए सेवाभाव भी जगाती है। ऐसे गुण जिन्दगी के हर मोर्चे पर कमाल करने की सधी-संतुलित सोच देते हैं। स्पीरिचुअलिटी की सोच से जोड़ने के लिए पेरेंट्स घर में इस विषय पर बातचीत करें। मेडिटेशन, प्रार्थना और संतुलित जीवनशैली अपनाकर इस ओर बच्चों को प्रेरित करें।

## जीवन मूल्यों का महत्व बताएं

तकनीक हो या आम जिन्दगी के पहलुओं पर आये बदलाव, जीवन मूल्यों को कोई नयापन फीका नहीं कर सकता। उदारता, सहयोग, रचनात्मक सोच, संतुलन, दोस्ती, बहादुरी, चेतना, विनम्रता और जिज्ञासा- फेहरिस्त बहुत लम्बी है पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी ऐसे जीवन मूल्य साथ चलते हैं। हां, आज के दौर में जीवन मूल्यों को सहेजने के लिए पेरेंट्स को थोड़ी ज्यादा मेहनत करने की दरकार जरूर है। हमारे पारम्परिक उत्सव टीनेजर्स को इन मानवीय मूल्यों से जोड़ने का प्यारा अवसर होते हैं। शक्ति की उपासना का यह पर्व भी चेतना-संपन्न बनने और सकारात्मक विचार जीवन में उतारने का ही संदेश लिए है। सेल्फ अवेयरनेस और सकारात्मकता का यह मेल जीवन मूल्यों के मायने समझाने वाला है। उम्र भर जड़ों से जुड़े रहने की सीख देता है। बड़ों की समझाइश ही नहीं, बाकायदा साइंस भी यही कहती है कि मन-जीवन से जुड़ी ऐसी मान्यताएं जिन्दगी को बेहतर बनाती हैं। अभिभावकों को चाहिए कि उम्र के इस मोड़ पर अपने बच्चों को जीवन मूल्यों का महत्व बताएं। साथ ही टीनेजर्स को लाइफ वैल्यूज सिखाने के लिए अभिभावक खुद उदाहरण बनें। बच्चे इन जीवन मूल्यों को अपनाएं तो उनकी सराहना जरूर करें।

×**डॉ. मोनिका शर्मा**

# शास्त्रीय धुनों में रचे गीत ही दिलों में बसे



**किसी से पूछा जाए कि उन्हें कौनसा संगीत पसंद है, तो निश्चित रूप से जवाब में कोई फिल्मी गीत सुनाई देगा! वास्तव में यह जवाब गलत नहीं है, क्योंकि यही फिल्म संगीत की लोकप्रियता का पैमाना भी है। संगीत को आज ?िल्मी गीतों का पूरक मान लिया गया। फिल्मी गीत लोगों के दिलो-दिमाग में इस तरह रच-बस गए कि उन्हें ही असली संगीत समझा जाने लगा! जबकि, हमारे देश में शास्त्रीय संगीत को बहुत ऊंचा दर्जा मिला है।**

संगीत के घरानों और संगीतज्ञों की परंपरा बहुत पुरानी है। सामान्यत: पक्के शास्त्रीय रागों का ल्मिी गीतों से सीधा वास्ता तो नहीं होता लेकिन, इन गीतों में शास्त्रीय संगीत का दखल हमेशा ही रहा है। वास्तव में फिल्म संगीत भी शास्त्रीय संगीत का ही अंग है, पर उसने शास्त्रीयता के बंधन से रास्ता निकालकर उसे सुगम बना दिया।

शास्त्रीय संगीत पहले राज दरबारों की रौनक था। पर, फिल्म संगीत के विकसित होने पर शास्त्रीय संगीत का दायरा सिकुड़ गया, पर लोकप्रियता नहीं घटी! इसके बावजूद कालजयी फिल्मों के गीत शास्त्रीय संगीत की बंदिशों में ही रचे गए! सिनेमा संगीत में शास्त्रीय संगीत की परंपरा का निर्वहन नहीं होता। यह एक तरह से मुक्त संगीत होता है। इसमें शास्त्रीय संगीत की शैली और ताल का अपनी सुविधा के अनुसार उपयोग किया जाता है। यही स्थिति वाद्य यंत्रों के साथ भी होती है। कई फिल्मी गीतों में ताल के साथ तबले का उपयोग देखा गया, जबकि तबला उत्तर भारतीय वाद्य है। कर्नाटक संगीत में ताल के साथ मृदंगम या पखावज का उपयोग होता है। अब तो शास्त्रीय संगीत के साथ पाश्चात्य संगीत का फ्यूज़न बनाने का प्रयोग किया जाने लगा है। शास्त्रीय संगीत से जुड़े गीत भी आजकल बेहद चर्चित हो रहे हैं। मोरा पिया मोसे बोलत नाही (राजनीति), अलबेला सजन आयो री (हम दिल दे चुके सनम), आओगे जब तुम साजना (जब वी मेट), ओरे पिया (आजा नच ले) जैसे गीत शास्त्रीय संगीत की ही देन हैं। फिल्मों में जो भी नामचीन संगीतकार हुए हैं, सभी ने किसी न किसी गुरु के सान्निध्य में संगीत की शिक्षा ली है। एसडी बर्मन, मदन मोहन, कल्याणजी-आनंदजी, आरडी बर्मन, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की मू ल संगीत शिक्षा शास्त्रीय ढंग से ही हुई थी। संगीत स्कूलों से निकले जानकार भी संगीतकार बने। लखनऊ के मैरिस म्यूजिक कॉलेज से निकले कई गुणी संगीतकारों ने फिल्मों में संगीत दिया। उनमें सरस्वती देवी और मदन मोहन का नाम उल्लेखनीय है।

'बैजू बावरा' के साथ संगीतकार नौशाद ने हिंदी फिल्म गीतों में शास्त्रीय संगीत का एक नया रूप पेश किया था। शास्त्रीय संगीत से सजी 1952 में आई इस फिल्म की सफलता में संगीत का बढ़ा हाथ था। तब नौशाद 'रतन', 'अनमोल', 'शाहजहां' और 'मदर इंडिया' जैसी फिल्मों में संगीत के कारण पहचाने जाने लगे थे। 'बैजू बावरा' के गीतकार शकील बदायुंनी भी नौशाद की खोज थे, लेकिन, इस फिल्म के लिए उन्हें उर्दू छोड़नी पड़ी और शुद्ध हिंदी में गीत लिखे। गीतों के साथ भजन 'मन तड़पत हरि दर्शन को आज' भी संगीतबद्ध किया गया था। नौशाद ने 'बैजू बावरा' के लिए डीवी पलुस्कर व उस्ताद अमीर खां की आवाज का भी इस्तेमाल किया था। नौशाद ने शास्त्रीय रागों का इस्तेमाल कर कई अच्छे फिल्मी गीत रचे। 1972 में 'पाकीजा' के संगीतकार गुलाम मोहम्मद के निधन के बाद नौशाद ने ही इस फिल्म का संगीत पूरा किया था। 'अंदाज' और 'दुलारी' जैसी फिल्मों के जरिये लता मंगेशकर के कैरियर को बढ़ाने में उनकी भूमिका रही। वे पहले संगीतकार थे, जिन्होंने फिल्म संगीत में बांसुरी, सितार, सारंगी का एक साथ इस्तेमाल किया।मूक फिल्मों को आवाज मिलने के बाद संगीत का सिलसिला तेजी से चला। इसका असर ये हुआ कि फिल्मों की प्रसिद्धि से प्रभावित होकर शास्त्रीय संगीत के कई दिग्गजों ने भी फिल्म संगीत में योगदान दिया। विख्यात बांसुरी वादक पन्नालाल घोष अपने कैरियर के शुरुआती दौर में फिल्मों से जुड़े रहे। 1957 में आई फिल्म 'बसंत बहार' में लता मंगेशकर के गाये गीत 'मैं पिया तेरी तू माने या न माने, दुनिया जाने तू जाने या न जाने' में पन्नालाल घोष को बांसुरी बजाने के लिए दिल्ली से बंबई लाया गया था। उनकी बांसुरी ने इस गीत को अमर बना दिया। सरस्वती देवी के संगीतकार बनने की कहानी भी इससे अलग नहीं है। हिमांशु राय के कहने पर वे फिल्मों में संगीत देने के लिए राजी हुई थीं। वे शास्त्रीय गायन में माहिर थीं, पर उन्हें प्रसिद्धि मिली सिनेमा की पहली महिला संगीतकार के रूप में! 'अछूत कन्या' और 'जीवन नैया' में सरस्वती देवी के संगीत ने जो किया, वो इतिहास बन गया। 'गूंज उठी शहनाई' के गीत 'तकदीर का फसाना जाकर किसे सुनाएं' में उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की शहनाई ने जो मधुरता घोली, उसे आज भी सुनने वाले महसूस करते हैं।उस्ताद अल्ला रक्खा खां ने 50 के दशक में करीब 20 फिल्मों में संगीत दिया। इनमें 'सबक' और 'बेवफा' चर्चित हुई। सरोद वादक उस्ताद अली अकबर खां ने 1952 में फिल्म 'आंधियां' का संगीत दिया। विख्यात सितार वादक पं. रविशंकर ने 'धरती का लाल' में पहली बार संगीत दिया था। चेतन आनंद की फिल्म 'नीचा नगर' में भी रविशंकर का ही संगीत गूंजा था। साल 1948 में उदय शंकर ने नृत्य नाटिका पर आधारित फिल्म 'कल्पना' बनाई थी। तय है कि भाई की फिल्म में रविशंकर ही संगीत देंगे! सत्यजीत राय की बांग्ला फिल्म 'पाथेर पांचाली', 'अपूर संसार' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'शतरंज के खिलाड़ी' का संगीत भी उन्होंने ही दिया। 1960 में बनी ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्म 'अनुराधा' और 'गोदान' की संगीत रचना भी रवि शंकर की ही थी। बांसुरी वादक पं. हरिप्रसाद चौरसिया ने संतूर वादक शिवकुमार शर्मा के साथ जोड़ी बनाकर शिव-हरि के नाम से 1982 में यश चोपड़ा की फिल्म 'सिलसिला' में संगीत दिया था। बाद में इसी बैनर की 'डर', 'लम्हे' और 'चांदनी' में भी इसी जो?ी ने संगीत दिया। ये सभी फिल्में अपने संगीत माधुर्य के कारण भी लोकप्रिय हुई।अमीर खां ने 1955 में वी शांताराम की फिल्म 'झनक झनक पायल बाजे' में वसंत देसाई के संगीत निर्देशन में एक गीत भी गाया था। 1960 की 'मुगल-ए-आजम' के एक गीत के लिए नौशाद ने बड़े गुलाम अली खां तक को राजी कर लिया था। पं. भीमसेन जोशी ने 1957 में 'बसंत बहार' में मन्ना डे के साथ एक गीत गाने के बाद 1958 में 'तानसेन' और 1985 में 'अनकही' के लिए भी गीत गाए। 1973 में 'बीरबल माय ब्रदर' में उनकी पंडित जसराज के साथ जुगलबंदी बेहद पसंद की गई थी। वी शांताराम की फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में किशोरी अमोनकर ने एक गीत गाया था। वहीं प्रकाश झा की फिल्म 'आरक्षण' में अलका याज्ञनिक के साथ पं. छन्नूलाल मिश्रा ने 'सांस अलबेली' में आवाज दी थी।

## रागों और फिल्मी गीतों का साथ

रागों और फिल्मी गीतों का लम्बा साथ रहा है। इनमें राग बिहाग, राग भैरव, भीमपलासी, राग भूपाली, राग दरबारी राग देस, राग जयजयवंती, राग जौनपुरी, राग काफी और राग केदार प्रमुख हैं, जिन पर रचे गए गीत लोकप्रिय रहे। भारतीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीतों की अच्छी खासी श्रृंखला फिल्म संगीत में मिलती है। राग यमन में भी फिल्मी गीतों की संख्या बहुत है, जिनकी लम्बी सूची बनाई जा सकती है। फिल्मी गीतों में ज्यादातर यमन कल्याण का प्रयोग देखने मिलता है। गीत चाहे पुरानी फिल्मों के हों या नई फिल्मों के, यमन कल्याण राग का उपयोग हर कालखंड में हुआ है।

## राग भैरवी में गीतों की भरमार

फिल्मी गीतों में रागों पर आधारित गीतों की बात करें, तो इनमें राग भैरवी का भरपूर उपयोग हुआ। छोड़ गए बालम (बरसात), फुल गेंदवा न मारो (दूज का चांद), लागा चुनरी में दाग (दिल ही तो है) और दुनिया बनाने वाले (तेरी कसम) भी भैरवी की देन थे। 'बरसात' फिल्म के तो सभी गीत भैरवी पर आधारित थे। 'बैजू बावरा' का गीत तू गंगा की मौज मैं, केएल सहगल का गाया गीत बाबुल मोरा नैहर, फिल्म 'शोला और शबनम' का रफी-लता का गीत 'जीत ही लेंगे बाजी हम तुम' से लेकर एआर रहमान के फिल्म 'दिल से' के गीत 'जिया जले जान जले' तक सभी गीत राग भैरवी में रचे गए। इसके बाद राग शिवरंजनी में भी कई संगीतकारों ने गीत बनाए।

# आपका राशिफल 03 अक्टूबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनै:-शनै: स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

## फिल्म वर्ग पहेली- 5947



**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलूं' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेन्द्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नहीं' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरूणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जूली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५

**फिल्म वर्ग पहेली- 5946**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# बिना कुछ करे वजन घटाने का नुस्खा

उपवास जनमानस में धर्म, आस्था एवं श्रद्धा का प्रतीक है। कुछ लोग इसे धर्म के साथ जोड़कर देखते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से इसके अलग लाभ हैं। व्रत-उपवास का इतिहास सदियों पुराना है। विश्व के हर धर्म ने शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास हेतु उपवास की संस्तुति की है। मान्यता है कि उपवास से अंतरात्मा शुद्ध होती है। राम चरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने विभिन्न प्रसंगों में सुख प्राप्ति और अच्छे स्वास्थ्य के लिए उपवास के महत्व का वर्णन किया है। शास्त्रों में भी उल्लेख है –

उपावृत्तस्य पापेभ्यो यस्तु
वासो गुणै: सह।उपवास: सविज्ञेय: सर्वभोगविवर्जित:॥

अर्थात् उपवास से सभी तरह के तामसी व राजसी इंद्रिय भोगों से निवृत्ति होती है, पापों का नाश होता है, सद्गुणों का संचय होता है। हिंदू धर्म ही नहीं बल्कि बौद्ध धर्म, ईसाई धर्म, इस्लाम, यहूदी धर्म, ताओवाद, जैन धर्म में भी व्रत किए जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उपवास कुछ घंटों, कुछ दिनों के या महीने भर के हो सकते हैं लेकिन हर धर्म में उपवास का उद्देश्य होता है- त्याग और खुद को अंदर तक साफ कर लेना। स्वास्थ्य रक्षा के लिए प्राचीन काल से ही चिकित्सा वैज्ञानिक भी उपवास के महत्व को बताते रहे हैं। रोगों के उपचार के लिए उपवास का विवरण भारत, यूनान, तथा अन्य देशों की पुरानी सभ्यताओं में मिलता है। प्राचीन यूनानी उपवास में दिन में एक बार सुबह का नाश्ता और एक बार दोपहर का भोजन लेते थे। शाम के खाना से परहेज करते थे।

## कम भोजन से स्वास्थ्य

प्राचीन यूनान के प्रमुख विद्वान हिप्पोक्रेट्स (लगभग 2500 वर्ष पूर्व), जो आधुनिक चिकित्सा के जनक भी माने जाते हैं, रोगों को दूर करने में फास्टिंग को महत्वपूर्ण मानते थे। उनका कहना था कि जब बीमार होने पर आप खाना खाते हैं, तो आप वह खाना बीमारी को खिलाते हैं। वह लोगों को परामर्श देते थे- थो?ा व्यायाम और पैदल चलना, कम भोजन करना अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है।

## प्रयोगों से सिद्ध उपचार

चिकित्सा वैज्ञानिकों ने जब उपवास उपचार पद्धति का प्रयोग चूहों पर किया, तो पाया कि उनकी उम्र में पचास प्रतिशत की वृद्धि हो गई। आयुर्वेद में भी 'लंघनम? सर्वोत?तम औषधम?' मतलब उपवास एक सर्वश्रे?ठ औषधि है, कहा गया है। रोगों को ठीक करने के लिये शरीर से विषैले तत?वों को बाहर निकालने के लिये उपवास का सुझाव दिया जाता है।

## माकूल खान-पान

पहले जमाने के लोग ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का आदि मोटे अनाज की बनी रोटी खाते थे। सब्जियों का सेवन करते थे। वे लोग एक समय भोजन, रात में हल्का-फुल्का खाना, दूध व सात्विक आहार ही लेते थे। खूब मेहनत करते थे। लेकिन पिछले दो दशकों में हमारे खानपान में ब?ा बदलाव आया। तली-भुनी चीजें, स्नैक्स खाना, तीनों समय भोजन करना, आलस जैसी आदतें बीमारियों को निमंत्रण दे रही हैं। अल्टरनेट डे फास्टिंग शेड्यूल यह भी इंटरमिटेंट फास्टिंग करने का एक तरीका है,जिसमें हर दूसरे दिन उपवास करते हैं,लेकिन उपवास के दिनों में लगभग 500 कैलोरी भोजन के रूप में ले सकते हैं। वैकल्पिक दिन का उपवास टाइप 2 मधुमेह के जोखिम कारकों को कम कर सकता है। यह प्री-डायबिटीज वाले लोगों में उपवास इंसुलिन के स्तर को कम कर सकता है। वैसे तो उपवास हजारों वर्षों से किया जाता रहा है लेकिन पिछले दो दशकों में इंटरमिटेंट फास्टिंग की लोकप्रियता शीर्ष पर है। इंटरमिटेंट फास्टिंग में भी 16/8 सबसे लोकप्रिय प्लान है। यह वजन कम करने और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने का एक आसान, सुविधाजनक और टिकाऊ तरीका है

×**डॉ. मधुसूदन शर्मा**

## सूडोकु नवताल- 6459

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6458 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |



**विचार प्रवाह**

लोग अपना जन्मदिन केक काटकर, मोमबत्तियां बुझाकर मनाते हैं। केक काटते है और बोलते है- हैप्पी बर्थडे टू यू। मोमबत्तियां बुझाना अच्छी बात नहीं है। यह तो प्रकाश से अंधकार की ओर जाना हुआ जबकि हम तो प्रकाश के पुजारी है। दीप जलाइए और गाइए- ज्योति से ज्योति जलाते चलो इस तरह जन्मदिन मनाओ, यह फूंकना थूकना बंद करो।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7500



**बाएँ से दाएँ**

1. भीगा हुआ-2
2. गाने वाला-3
4. दिया, चिराग-2
6. केश-2
7. जिससे ताला खुलता है-2
9. सूरमा -3
12. नख-3
14. तेरह गुणा चार-3
16. एक जैसा तल-4
17. दरवाजे की आवाज-2,2
18. कड़ा, तेज-3
20. आँखों के ऊपर की परत-3
22. साधुवाद देना, वाह-वाह-3
24. पुत्र, एक रंग-2
26. तुम का आदर सूचित शब्द-2
27. पत्र-2
28. आश्चर्य-3
29. तट, किनारा-2

**ऊपर से नीचे**

1. छोटा गीत-3
2. मुँह के दोनों ओर का भाग-2
3. जो पका न हो-2
5. हवा, वायु-3
6. बच्चा, बालक-2
8. वीणा, एक वाद्य-2
10. जितेन्द्र व रेखा की एक फिल्म-2,3
11. मूल्य, दर-2
13. मारकाट-5
14. बच्चा-3
15. नाज, अदा-3
19. पंजाब की एक नदी-2
20. जांच-पड़ताल-3
21. हुनर-2
22. बद्दुआ-2
23. नगर-3
25. बेल, कोमल लम्बा पौधा-2
26. फूलों का प्राकृतिक रस-2

**शब्द पहेली-7499 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore




## देश का दिल हमारा मध्य प्रदेश सबसे स्वच्छ

### भोपाल एक पायदान चढ़कर छठवें

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश अब देश का सबसे स्वच्छ राज्य बन गया है। सौ से अधिक शहरों वाले राज्यों में मध्य प्रदेश राजस्थान और महाराष्ट्र को पछाड़कर पहले पायदान पर आया है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में प्रदेश को 4470 अंक मिले हैं। 3890 अंक के साथ छत्तीसगढ़दूसरे क्रम पर है। प्रदेश भर में आम लोगों से मिली प्रतिक्रिया (फीडबैक), स्वच्छता को लेकर प्रदेश भर में चलाई गई परियोजनाएं, बजट आवंटन आदि के आधार पर प्रदेशों की स्वच्छ रैंकिंग तय की जाती है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में इंदौर लगातार छठवीं बार सिरमौर रहा है। इंदौर को देश के पहले सेवन स्टार शहर का ताज भी मिला है। भोपाल एक पायदान ऊपर आकर छठवे नंबर पर आया है। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण अभियान में भी भोपाल ने बाजी मारी है। इसे पश्चिम क्षेत्र में पहला स्थान मिला है।नई दिल्ली स्थित ताल कटोरा स्टेडियम में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ये पुरस्कार दिए। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह एवं आयुक्त रहे निकुंज श्रीवास्तव व स्वच्छता मिशन के संचालक गौरव बैनल ने प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त किया। इंदौर के अलावा प्रदेश के 10 अन्य शहरों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार मिले हैं। इनमें भोपाल, छिंदवा?ा, ब?ौनी (दतिया), खुरई (सागर), महू कैंट, मुंगावली (अशोकनगर), औबेदुल्लागंज (रायसेन), पेटलावद (झाबुआ), फूफकलां (भिंड) और उज्जैन शामिल हैं। पिछले साल प्रदेश के आठ शहरों को ही राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। इस साल प्रदेश को कुल 16 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल होने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश वासियों को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया कर कहा स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में 100 से अधिक शहरों वाले राज्यों की श्रेणी में सबसे स्वच्छ राज्य बनने का गौरव हासिल करने पर मध्य प्रदेश की जनता का हार्दिक अभिनंदन।

## ट्रांसफर के बाद नहीं की ज्वाइनिंग

### शासन के आदेश की अवमानना पर IFS हरिशंकर मिश्रा निलंबित

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश वन विभाग के ट्रांसफर के आदेश को कोर्ट में चुनौती देना और कोर्ट के निर्देश के बाद सरकार के निर्देशों का पालन नहीं करने पर आईएफएस अधिकारी हरिशंकर मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में वन विभाग के सचिव अतुल कुमार मिश्रा ने आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार हरिशंकर मिश्रा की सेवाए राजधानी परियोजना भोपाल से लेकर 28 जुलाई को वन संरक्षक, कार्य आयोजना इकाई सिवनी के पद पर पदस्थ किया गया था। इस आदेश के खिलाफ मिश्रा कोर्ट चले गए थे। कोर्ट ने 24 अगस्त को मिश्रा को अभ्यावेदन प्रस्तुत करने तथा शासन को स्पीकिंग ऑर्डर कर निराकरण करने के निर्देश दिए। इस पर शासन ने मिश्रा के अभ्यावेदन का कानून के अनुसार परीक्षण किया और 12 सितंबर को स्पीकिंग आदेश दिया। इसके बाद हरिशंकर मिश्रा को वन संरक्षक, कार्य आयोजना इकाई सिवनी के पद पर ज्वाइंन करने के आदेश दिए। विभाग ने आदेश में लिखा है कि मिश्रा के ज्वाइंन नहीं करने से वर्किंग प्लान पुनरीक्षण का काम शुरू नहीं हो सका। इसका सरकार के राजस्व पर भी प्रभाव पड़ता है। वन विभाग ने आईएफएस हरिशंकर मिश्रा को शासन के आदेश का पालन नहीं करने पर निलंबित कर दिया।आईएफएस अधिकारी हरिशंकर मिश्रा भोपाल से ट्रांसफर के बाद भी अपने कार्यालय में जाकर बैठ गए थे। इसके बाद चैम्बर में अपना ताला लगा कर चाबी, आवक-जावक रजिस्टर लेकर घर चले गए थे। इसके बाद भोपाल के नवन मंडलाधिकारी आलोक पाठक ने चैम्पर को सील करा दिया था और हरिशंकर मिश्रा को एफआईआर कराने की धमकी वाला पत्र भेजा था। इसके बाद हरिशंकर मिश्रा ने दस्तावेज, रजिस्टर और चाबी स्टाफ को बुलाकर दे दी थी।

## पुरानी पेंशन को लेकर आज उपवास कर रहे कर्मचारी

**भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा रविवार को फिर उठा। भोपाल समेत प्रदेशभर में 30 से ज्यादा कर्मचारी संगठन गांधी प्रतिमा के पास धरने पर बैठकर उपवास कर मांगों का आवेदन भेंट करेंगे। साथ में प्रमोशन, परमानेंट, डीए के एरियर्स और मेडिकल इंश्योरेंस की मांग भी करेंगे।

### गांधी प्रतिमा के पास धरना ,प्रमोशन-परमानेंट का मुद्दा भी उठाएंगे

आंदोलन को लेकर मध्यप्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बड़ी मीटिंग शनिवार को राजधानी में हुई। जिसमें आंदोलन की रणनीति बनाई गई। निर्णय लिया कि 2 अक्टूबर को सभी जिलों में कर्मचारी एक ही समय पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे दोपहर 12 से उपवास पर बैठे। । मध्यप्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे अपनी न्यायोचित मांगों के समर्थन में कर्मचारी उपवास पर बैठेंगे एवं मांगों से संबंधित मांग पत्र राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरणों में समर्पित करेंगे। भोपाल में प्रशासन ने अनुमति नहीं दी है। इसलिए संयुक्त मोर्चा उपवास कार्यक्रम प्रदेश कार्यालय तुलसी नगर में करेगा।1 जनवरी 2005 के बाद भर्ती अधिकारी-कर्मचारियों के लिए अंशदायी पेंशन योजना लागू है। इसके तहत कर्मचारी 10त्न और इतनी ही राशि सरकार मिलाती है। कर्मचारी संगठन के अनुसार, इस राशि को शेयर मार्केट में लगाया जाता है। इसके चलते कर्मचारियों का भविष्य शेयर मार्केट के ऊपर निर्भर हो गया है। रिटायरमेंट होने पर 60प्रश राशि कर्मचारी को नकद और शेष 40त्न राशि की ब्याज से प्राप्त राशि पेंशन के रूप में कर्मचारी को दी जाती है। पुरानी पेंशन बहाली संघ के अनुसार, पुरानी पेंशन नीति में सैलरी की लगभग आधी राशि पेंशन के रूप में मिलती थी। ष्ठ बढ़ने पर पेंशन भी बढ़ जाती थी। नई नीति में ऐसा कुछ भी नहीं है।

## जल संसाधन विभाग के 19 कर्मचारी मेडिकल क्लेम लेने फर्जी बिल लगाने के दोषी, 10 की सेवा समाप्त

भोपाल ,यशभारत। जल संसाधन विभाग के 19 कर्मचारियों को फर्जी मेडिकल क्लेम लगाने का कोर्ट ने दोषी माना है। आरोपियों को तीन और पांच साल की सजा सुनाई गई है। वहीं, विभाग ने दोषी कर्मचारियों में 10 के खिलाफ सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की है। वहीं, रिटायर्ड 9 कर्मचारियों की पेंशन रोक दी है। कोर्ट ने कर्मचारियों को 16 सितंबर को सजा सुनाई। इस दौरान कोर्ट में मौजूद कर्मचारियों को जेल भेज दिया गया।जल संसाधन विभाग के ईएनसी मदन सिंह डाबर ने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ 29 सितंबर को आदेश जारी किए। इसमें निज सहायक बीएस सैयाम, निज सहायक रामप्यारी सोनी, सहायक वर्ग-2 विजय कनौजिया, सहायक वर्ग-2 शिवकुमारी, सहायक वर्ग-3 विजय कुमार तुरकई, सहायक वर्ग-3 सुगंधामणी, वाहन चालक अशोक मार्कोस, भृत्य सुनील मालवीय, भृत्य रविन्द्र ढोके, भृत्य कुंजबिहारी की सेवा समाप्त करने के आदेश जारी किए। वहीं, कार्यभारित कर्मचारी स्वीपर रामकली बाई के लिए अलग से आदेश जारी करने की बात कही है।
इसके अलावा रिटायर्ड कर्मचारियों में सहायक वर्ग-1 डीएस सोनी, सहायक वर्ग-1 क्रिस्टीना मिंज, सहायक वर्ग-2 कैलाश वर्मा, सहायक वर्ग-2 शिवकुमारी, सहायक वर्ग-3 आशा जैन, सहायक वर्ग-3 सरसम्मा, सहायक वर्ग-3 राकेश दत्ता, सेवानिवृत्त प्यून ऐजाज अहमद और रामलाल गुप्ता की पेंशन रोकने के आदेश जारी किए है। जल संसाधन विभाग में 2011 में दोषी कर्मचारियों के मेडिकल क्लेम के फर्जी बिल लगाने का मामला सामने आया था। इसकी जांच के लिए 27 मार्च 2011 को आदेश हुए थे।

## इस स्कूल में जाति छिपाने नहीं लिखते लड़कियों का सरनेम, एक से नाम हों तो जोड़ते हैं कोई यूनीक शब्द

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी में एक ऐसा स्कूल है, जहां लड़कियों को शक्ति स्वरूपा माना जाता है। यहां नवरात्रि में माहौल भक्तिमय होता है। नवरात्रि रोज में मां दुर्गा, शारदा की स्तुति और स्वस्तिवाचन एक साथ होता है। इससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा फैलती है। यहां स्टूडेंट का न तो सरनेम लिखा जाता है और न ही उनके सरनेम से बुलाया जाता है। सिर्फ परीक्षा फॉर्म और डॉक्यूमेंट में ही सरनेम लिखा जाता है। यह स्कूल है, बरखेड़ी का गार्गी शासकीय आवासीय आदर्श कन्या संस्कृत विद्यालय। यहां 210 लड़कियां पढ़ती हैं। स्कूल में किसी भी लड़की के नाम के पीछे उसका सरनेम नहीं लगाने की वजह आध्यात्मिक है। हरेक लड़की का अपना व्यक्तित्व होता है। वैदिक पुराणों में कन्याओं को शक्ति स्वरूपा के रूप में पूजते हैं। वह स्वयं एक ऊर्जा है। उनका अस्तित्व ही उनकी पहचान है। एक नाम की दो-दो छात्राएं होने पर उन्हें संस्कृत के कोई यूनीक नाम से जोड़ दिया जाता है, ताकि असमंजस की स्थिति न रहे। महार्षि संस्कृत संस्थान के डायरेक्टर पीआर तिवारी ने बताया कि पहले संस्कृत वेद पुराण व ब्राह्मण के वर्चस्व वाली भाषा मानी जाती थी। इस पर हमेशा से पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। इस स्कूल ने इस मान्यता और मिथक को तोड़ा है। यहां विभिन्न जाति के अलावा एससी-एसटी और ओबीसी की ल?कियां प? रही हैं। सभी लड़कियां जब संस्कृत में संभाषण करती हैं तो लोग अचंभित हो जाते हैं। इनका केवल संस्कृत भाषा पर ही एकाधिकार नहीं है बल्कि ये अंग्रेजी और हिंदी भी उतने अच्छे से बोलती हैं जितने अच्छे से संस्कृत। स्कूल की 5 लड़कियों का एक मल्टी नेशनल कंपनी में चयन भी हुआ है। 12वीं से आगे की पढ़ाई कंपनी ही कराएगी।

## राजधानी में होटल लेक व्यू रंजीत के पास युवती की चाकू मारकर हत्या

**भोपाल यशभारत।** श्यामला हिल्स थाना अंतर्गत होटल लेक व्यू रंजीत के पास शनिवार रात एक युवती की गला रेत कर हत्या कर दी गई। करोंद निवासी युवती रात करीब आठ बजे मोटरसाइकिल पर सवार किसी युवक के साथ बोट क्लब घूमने के लिए पहुंची थी। वहां पर लगभग एक घंटे तक सड़क किनारे खड़े होकर दोनों आपस में कुछ बात करते रहे। थोड़ी ही देर बाद दोनों में तेज आवाज में झगड़ा होने लगा। तैश में आकर बाइक पर बैठे युवक ने युवती के गले पर चाकू से वार कर दिया। कुछ दूर तक लड़खड़ाकर चलने के बाद युवती गिर पड़ी थी।



पुलिस आरोपित युवक की तलाश कर रही है। बताया जाता है कि पुलिस संदेह के आधार पर युवती के पति से पूछताछ भी कर रही है।श्यामला हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक रात नौ बजे लेक व्यू रंजीत के पास किसी युवती के खून से लथपथ पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस युवती को लेकर अस्पताल पहुंची। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस पूछताछ में घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि युवक-युवती के बीच झगड़ा होने पर कुछ लोग समझाइश देने पहुंचे थे, लेकिन युवती ने उन्हें फटकार दिया था। गले पर चाकू का वार लगने के बाद युवती ने सड़क पार करने की कोशिश की। इस दौरान वह लड़खड़ाकर गिर पड़ी थी। युवती का फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद देर रात युवती की पहचान करोंद स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी 21 वर्षीय इकरा पत्नी मोहसिन खान के रूप में हुई।

## सनसनीखेज तरीके से हत्या के मामले में कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा, 5 हजार रुपये जुर्माना

**यशभारत।** सीहोर जिले में हत्या के चिन्हित एवं सनसनीखेज मामले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरएन चंद ने अभियुक्त महेश रजक निवासी ग्राम कुम्हार मोहल्लागंज सीहोर को धारा-302 भादवि में आजीवन कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।मीडिया सेल प्रभारी केदार सिंह कौरव ने बताया, फरियादी प्रदीप राठौर पिता स्वरुप सिंह राठौर निवासी ग्राम बिजौरी थाना मंडी सीहोर ने 22 जुलाई 2021 को रिपोर्ट किया कि हम तीन भाई हैं। धर्मेन्द्र राठौर, विक्रम राठौर और मैं। मेरा बड़ा भाई धर्मेन्द्र ईट- भट्टों का व्यवसाय करता है। मेरे बड़े भाई धर्मेन्द्र ग्राम पतलोना के पास सरकारी जमीन को रोककर उस पर ईट बना रखी है। चौचट का नाप लेने के लिए मैंने बड़े भाई धर्मेन्द्र भाई को फोन लगाया तो उन्होंने मेरा फोन नहीं उठाया। मैंने सोचा कि बड़े भाई उनके घर पर सो रहे होंगे। इसलिये मेरे पापा ने गंज सीहोर में निवास करने वाली मेरी बहन मीना राठौर को फोन लगाकर बताया कि धर्मेन्द फोन नहीं उठा रहा है। उसके घर पर जाकर देखो तो मेरी बहन मीना राठौर ने धर्मेन्द्र भाई के घर जाकर देखा और बहन ने पापा को बताया कि धर्मेन्द्र उनके घर पर नहीं है। उनके घर पर ताला लगा है। तब मेरे पापा धर्मेन्द्र भाई को ढूंढने ईट-भट्टे ग्राम पतलोना के पास गए तो ईट भट्टे पर बनी झोपड़ी के पास में कुत्ते दिखाई दिए। झोपड़ी के पास जाकर देखा तो धर्मेन्द भाई मरे पड़े थे और कुत्ता उनका चेहरा नोच रहा था।

## तूफानी रफ्तार : 25 फीट दूरी तक उछलकर नाले में पलटी कार, एयर बैग खुलने से बची युवक की जान

**भोपाल. यशभारत।** राजधानी में नर्मदापुरम रोड पर शनिवार देर रात करीब 12 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। हादसा बरकतउल्लाह विवि के गेट के पास हुआ। कार में सवार युवक सुनसान सर्विस रोड पर तेजी से कार को दौड़ा रहा था, तभी अचानक सामने की ओर से एक कार आ गई। उससे बचने के चक्कर में चालक नियंत्रण खो बैठा और कार फुटपाथ के पत्थरों से टकराकर करीब 25 फीट दूर तक उछली और नाले में गिरते हुए पलट गई। गनीमत रही कि टक्कर होते ही कार में ड्राइवर सीट के एयरबैग खुल गए, जिससे युवक की जान बच गई। दुर्घटना में घायल युवक को राहगीरों ने बमुश्किल बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

## भोपाल के जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल प्रबंधन के विरोध में डॉक्टरों का प्रदर्शन

### अनिश्चितकाल हड़ताल की दी चेतावनी

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी भोपाल का एक मात्र जवाहर लाल नेहरू कैंसर अस्पताल अनियमितता और गड़बड़ी के चलते लंबे समय से विवादों में है। ऐसे में शनिवार को अस्पताल प्रबंधन ने मेडिकल डॉयरेक्टर डॉक्टर प्रदीप कोलेकर को बिना कारण बर्खास्त कर दिया। जिसके बाद डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ इसके विरोध में आ गए। उन्होंने 48 घंटे में अपनी दो मांगे पूरी नहीं करने पर अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी। इसे लेकर अस्पताल की मेडिकल सुप्रीटेंडेंट ने बताया कि प्रबंधन की तरफ से एचआर ने मेडिकल डॉयरेक्टर को शनिवार को एक पत्र देकर साइन करने को कहा। इसमें पहले से लिखा था कि मेरा स्वास्थ्य खराब रहता है, इसलिए मैं अपने पद से इस्तीफा देता हूं। डॉयरेक्टर ने इसका विरोध किया और हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। इसे लेकर एचआर ने उनको कहा गया कि यदि आप इस पर हस्ताक्षर नहीं करते है तो आपको बर्खास्त कर दिया जाएगा। वहीं शनिवार को जब डॉयरेक्टर अस्पताल आए तो एचआर ने उनको बर्खास्त करने का पत्र दे दिया। पता चलते ही इसके विरोध में अस्पताल के सभी स्टाफ आ गए। अस्पताल प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन किया। हालांकि इस दौरान किसी मरीज को परेशानी ना हो इसका पूरा ख्याल रखा गया।

## राष्ट्रीय खेलों में मप्र की शिवानी ने कुश्ती में स्वर्ण और ऐश्वर्य ने शूटिंग में जीता दूसरा पदक

**भोपाल,यशभारत ।** गुजरात में आयोजित हो रहे 36वें राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश ने दूसरे दिन कुश्ती में स्वर्ण, शूटिंग में रजत व एथलेटिक्स में कांस्य पदक जीता। इस तरह मप्र अब तक दो स्वर्ण, एक रजत व पांच कांस्य सहित कुल आठ पदक जीत लिए है।मध्यप्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव शाकिर नूर ने बताया कि मध्यप्रदेश की कुश्ती के 50 किग्रा भार वर्ग में शिवानी पवार ने फाइनल में अंतरराष्ट्,ीय पदक विजेता पहलवान हरियाणा की कुमारी अंकुश को हराकर स्वर्ण पदक जीता। छिंदवाड़ा की रहने वाली शिवानी पवार ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच फातिमा बानो के मार्गदर्शन में भोपाल के अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है।

### शूटिंग में ऐश्वर्य और श्रेया ने जीता रजत पदक

शूटिंग प्रतियोगिता में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और श्रेया अग्रवाल ने एयर रायफल मिक्स्ड इवेंट में रजत पदक हासिल किया । यह ऐश्वर्य का राष्ट्रीय खेलों में दूसरा पदक है। ऐश्वर्य इससे पहले व्यक्तिगत इवेंट में कांस्य पदक जीता था। टोक्यो ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले मप्र शूटिंग अकादमी के होनहार खिलाड़ी है।

### मप्र की रिले टीम ने जीता कांस्य पदक

मध्यप्रदेश के लिए एथलेटिक्स में दूसरे दिन भी पदक आए। गांधीनगर में चल रही एथलेटिक?स इवेंट में मध्य प्रदेश की महिला टीम ने 400 मीटर रिले में कांस्य पदक जीता है । टीम में ट्विंकल पुंदिर, इंदू प्रसाद , हिमानी चंदेल और वी. कुमारी ने 46.03 सेकंड में अपना लक्ष्य हासिल किया।खेल के संचालक रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएस यादव, उपसंचालक व मध्य प्रदेश के मुख्य दल प्रबंधक जोस चाको, विकास खराड़कर,मध्य प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव ए मुरलीधर,अध्यक्ष अमानत खान, कोषाध्यक्ष वरिंदर सिंह, तकनिकी समीति के अध्यक्ष डा राजेश मिश्रा आदि।

## मप्र में दशहरे पर होगी बारिश

## भोपाल-इंदौर में झमाझम, इन 21 जिलों में अलर्ट भी

**भोपाल, ईएमएस ।** मानसून विदाई से पहले एक बार फिर मध्यप्रदेश को तरबतर करेगा। बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है। यह सिस्टम ओडिशा और छत्तीसगढ़ के रास्ते मप्रमें प्रवेश करेगा। अगले 24 घंटों में रीवा-सतना से यह सिस्टम एक्टिव होगा। इससे 4 अक्टूबर यानी नवमी से बारिश शुरू हो सकती है।अक्टूबर में पहली बार यह सिस्टम बना रहा है। इससे 5, 6 और 7 अक्टूबर को प्रदेशभर में जमकर बारिश होगी। मौसम विभाग ने 21 जिलों में हल्की से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। भोपाल-इंदौर में झमाझम होने की संभावना है। प्रदेश से मानसून की विदाई अभी तक की स्थिति में 15 अक्टूबर तक या उसके बाद होने की संभावना है।

### पूर्वी मप्र यानी रीवा-सतना से प्रवेश करेगा

बंगाल की खाड़ी में बन रहे लो प्रेशर एरिया के



कारण 4 अक्टूबर स बारिश का नया सिस्टम एक्टिव हो जाएगा। यह रीवा-सतना के रास्ते प्रवेश करेगा, इसलिए सबसे पहले 3 अक्टूबर को रीवा, सतना, सीधी और सिंगरौली में ही बारिश होगी। मौसम विभाग ने चारों जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। इसके बाद 8 से 11 अक्टूबर तक प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की से तेज बारिश हो सकती है। मुख्यत- उतरी इलाकों ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड-बघेलखंड में कहीं-कहीं और पूर्वी मध्यप्रदेश यानी महाकौशल, बुंदेलखंड-बघेलखंड में 2 दिन कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

### बीते 24 घंटे में यहां बारिश हुई

मध्यप्रदेश के पश्चिम इलाकों यानी मालवा-निमाड़ में कहीं-कहीं हल्की रिमझिम हुई। धार, इंदौर, खरगोन, देवास, खंडवा, मंदसौर, उज्जैन, रतलाम, बड़वानी, विदिशा, नीमच और खंडवा में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। अगले 24 घंटों के दौरान अलीराजपुर, बड़वानी और बालाघाट में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।
मध्यप्रदेश में 1 जून से लेकर अब तक 48 इंच बारिश हो चुकी है। सामान्य 38 इंच से 23त्न ज्यादा बारिश हो चुकी है। सबसे ज्यादा बारिश नर्मदापुरम में 71.48 इंच, भोपाल में 70 और राजगढ़ में 69 इंच हुई। प्रदेश के 32 जिलों में 40 इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है।

### 15 अक्टूबर तक प्रदेश में मानसून की गतिविधियां रहेंगी

मध्यप्रदेश में मानसून 16 जून को एक्टिव हुआ था। जुलाई में यह कुछ थमा सा रहा, लेकिन उसके बाद रफ्तार पक? ली। सितंबर के अंतिम सप्ताह से प्रदेश के कुछ इलाकों में रिमझिम होती रही, लेकिन अन्य इलाकों में ज्यादा बारिश नहीं हुई। अब प्रदेश में एक बार फिर सिस्टम एक्टिव होने वाला है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि अगले 2 दिन में मानसून की गतिविधियां रफ्तार पक?ेंगी। मध्यप्रदेश में 4 अक्टूबर से बादल छाने लगेंगे।


### कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश

E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

कमांक / 2238 /खनिज/उ0प0/ 2022, कटनी, दिनांक 27/09/2022

**//सूचना//**

( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 -क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक **मेंसर्स वैण्णवी इंफ्रा द्वारा भागीदार श्रीमती चित्रा शर्मा ध0प0 श्री मुन्नालाल शर्मा कार्यालयीन पता- संस्कारी विद्यालय के पास, समदड़िया सिटी कटनी, जिला कटनी (म0प्र0)** के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 04.08.2022 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा (हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | मुड़वारा | देवरीहटाई | 1194/1 | 4.000 | अन्य भूमिस्वामी की भूमि की सहमति | डोलोमाईट | |
| | | | 1194/2 | 3.810 | | | |
| | | | योग- | 7.910 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-कटनी म.प्र.

G-17768/22

# ग्लोबल - यशभारत

## गरबा महोत्सव में आस्था का सैलाब





# पारंपरिक धुनों पर गरबाः डांडिया खेलकर की माता की आराधना

जबलपुर, यशभारत। धोती-कुर्ता, कोटी, चनिया चोली, कांच और कौड़ियों से जड़ी ड्रेसेस... में भक्ति के भाव में थिरकते प्रतिभागी। यह मनोहारी द्रश्य ग्लोबल-यशभारत गरबा महोत्सव डांडिया 2022 का था। यहां अनूठे अंदाज में सजे हजारों पार्टिसिपेंट्स ने पारंपरिक धुनों पर गरबा खेला। 15000 से ज्यादा विद्यार्थियों से खचाखच भरे मैदान में हर कोई गरबा करते हुए माँ के प्रति अपनी भक्ति प्रदर्षित कर रहा था। गरबा के परिधान में उपस्थित हुए महाविद्यालय के विभिन्न ब्रॉचेज के विद्यार्थी गरबा में जोर आजमाईश करते नजर आए। कार्यक्रम में आये हर अथितियों ने भी गरबा का पूरे जोर शोर से लुफ्त उठाया। शनिवार रात तो यहां गजब का उत्साह देखने को मिला। रात 8 बजे से ही पंडाल में भीड़ उमड़ने लगी थी। माता की आरती के साथ ही डांडिए खनकने लगे, जो देर रात तक बजते रहे। साउंड सिस्टम पर सैकड़ों पार्टिसिपेंट्स ने जमकर गरबा किया। जनरल सर्किल में ऑडियंस ने जोश के साथ डांडिया किया। हिंदी के साथ अन्य भाषा में बजे गीतों पर डांडिया, तीन ताली और फ्री स्टाइल राउंड हुआ।प्रतिभागियों से लेकर आम लोग भी कदमताल करते नजर आए।

## धोती-कुर्ता, कोटी, चनिया चोली, कांच और कौड़ियों से जड़ी ड्रेसेस...



गरबा के दौरान बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद सांसद विवेक तंखा आयोजक राजीव बड़ेरिया सौरव बड़ेरिया ग्लोबल समूह के पित्र पुरुष शंभू दयाल बड़ेरिया विधायक इंदु तिवारी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ कपिल देव मिश्रा यश भारत संस्थापक आशीष शुक्ला महापौर जगत बहादुर सिंह स्टेम फील्ड स्कूल के डायरेक्टर पर्व जसवाल।



नारी जन चेतना का संदेश देते मढ़ोताल थाने के अधिकारी



गरबे की धुन पर नृत्य करती ग्लोबल परिवार की अनीता बड़ेरिया व उनकी साथी



कार्यक्रम में मौजूद सीएसपी तुषार सिंह अखिलेश गौर और टीआई रीना पांडे



मंचासीन सोनिया बड़ेरिया व डॉक्टर रश्मि शुक्ला



मेट्रो हॉस्पिटल के ज्वाइंट डायरेक्टर यतिन महिदर और डॉक्टर मृदुला महिदर

## पूरा पंडाल गरबा के रंग में रंगा

अभिषेक नागराज ग्रुप के आक्रेष्ट्रा कलाकारों ने बैंड की मधुर धुनों के बीच माता की महाआरती शुरू की तो समूचा परिसर मातारानी की भक्ति में डूब गया। जब ढोल नगाड़े बजे, तो पूरा ग्राउंड भक्ति के भाव में बहने लगा। गरबा आउटफिट में प्रतिभागियों ने जलते हुए दीये लेकर मां का आह्वान किया। राजस्थानी, गुजराती, हिंदी गानों के साथ पंजाबी और बंगाली गानों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। महाआरती के बाद सर्किल में गुजराती सॉन्ग पर गरबा खेलना शुरू किया। पारंपरिक चनिया-चोली की पोशाक पहने हुए पार्टिसिपेंट्स ने जैसे ही तीन ताली में गरबा खेलना शुरू किया तो मानो पूरा पंडाल गरबा के रंग में रंग गया। इस दौरान पार्टिसिपेंट्स अनोखे और यूनिक ड्रेस पहनकर गरबा करने पहुंचे। जिन्होंने लगातार 5 घंटे तक डांस कर माता रानी की आराधना की।

### हम किसी से कम नहीं

अतिथियों के मंच पर विराजमान महिलाएं भी बैंड की मधुर धुनों को सुनकर अपने को रोक नहीं सकीं और परिसर में मां जगत जननी की प्रतिमा के समक्ष शक्मि की भक्ति में लीन होकर गरबा खेला।

### उम्दा प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित

ऐसे विद्यार्थीयों जिन्होंने गरबा में उम्दा प्रदर्शन किया उन्हें विभिन्न अवार्ड जैसे बेस्ट परफार्मर मेल,बेस्ट परफार्मर फीमेल, बेस्ट कॉस्टयूम,गरबा प्रिंस, गरबा प्रिसिंस आदि से नवाजा गया।



चर्चा करते सौरव बड़ेरिया भाजपा ग्रामीण युवा मोर्चा उपाध्यक्ष हर्ष तिवारी व विराज बड़ेरिया



आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मयूर जी और डॉक्टर सुनील मिश्रा



ग्लोबल परिवार की डॉक्टर निहारिका यादव डॉ आकांक्षा शुक्ला व अन्य सहयोगी



अभिषेक नागराज ग्रुप के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

### ये रहे सम्मानीय अतिथि

गरिमामय विराट आयोजन में प्रमुख अतिथि के रुप में राज्यसभा सांसद कृष्ण तन्खा, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सुशील तिवारी इंदू ग्लोबल ग्रुप के पितृ पुरूष शंभू दयाल बड़ेरिया, यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, मेट्रो हॉस्पिटल के डायरेक्टर राजीव बड़ेरिया, बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन के चेयरमेन सौरभ बड़ेरिया,सौरभ बड़ेरिया, स्टेम फील्ड स्कूल के डायरेक्टर पर्व जायसवाल, श्रीराम ग्रुप के डायरेक्टर राजुल करसोलिया , यतिन महीधर, डॉ आकांक्षा शुक्ला मौजूद रहे।

### ये भी रहे उपस्थित

डॉ. श्रीमति रश्मि शुक्ला, सीएसपी तुषार सिंह, अखिलेश गौर, टीआई रीना पाण्डे, डायरेक्टर डॉ राजीव खत्री, एच् आर हेड निहारिका यादव रजिस्ट्रार पूर्णानंद दुबे, डिप्टी डायरेक्टर नितेश दुबे, प्रो.अमित जॉय , प्रो.अमित शर्मा, प्रो.नितेश शुक्ला, प्रो.वंदना पाठक, प्रो.सुमित नेमा, वैभव हुंका , मयूर जोबनपुत्र,विभिन्न डिपार्टमेंट के हेड्स तथा अन्य शिक्षकों एवं स्टाफ की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

# 6वें राष्ट्रीय खेलों की सनसनी ज्योति याराजी बनी फर्राटा चैंपियन

## हिमा दास और दुती चंद से भी दौड़ में आगे निकली

**गांधीनगर, ईएमएस।** आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए नेशनल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. उन्होंने गांधीनगर में आयोजित इन खेलों में शनिवार को 100 मीटर रेस का महिला वर्ग का गोल्ड मेडल जीता. खास बात है कि उन्होंने इस दौरान हिमा दास और दुती चंद जैसी स्टार धाविकाओं को पीछे छोड़ दिया। 100 मीटर की महिला वर्ग की स्पर्धा में आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी ने गोल्ड मेडल जीता. ज्योति के नाम 100 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है. उन्होंने दुती चंद (ओडिशा) और हिमा दास (असम) को पछाड़ते हुए 11.51 सेकेंड से महिलाओं की 100 मीटर स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया. तमिलनाडु की अर्चना सुसींद्रन (11.55 सेकेंड) और महाराष्ट्र की डायंड्रा वालाडारेस (11.62 सेकेंड) ने क्रमश- सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीते. राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी दुती 11.69 सेकेंड के समय से छठे और हिमा 11.74 सेकेंड के समय से 7वें स्थान पर रहीं.



### पुरुषों में असम के बोरगोहेन को गोल्ड

पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा में असम के अमलान बोरगोहेन ने 10.38 सेकेंड से पहला स्थान प्राप्त किया. तमिलनाडु के इलाकियादासान वीके (10.44 सेकेंड) और सिवा कुमार बी (10.48 सेकेंड) क्रमश- दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे. इस बीच ज्योति ने कहा, 'उन्होंने (दुती और हिमा) ने हमेशा मुझे प्रोत्साहित किया जिसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं. मैं खुश हूं कि मैं जीत गई लेकिन ऐसा मत समझिए कि मैंने उन्हें पछाड़ दिया.'

### लॉन्ग जंप में एल्ड्रिन ने जीता सोने का तमगा

तमिलनाडु के जेसविन एल्ड्रिन ने लंबी कूद स्पर्धा में केरल के राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुरली श्रीशंकर को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया और 2023 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई किया. एल्ड्रिन ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 8.26 मीटर की कूद लगाई और विश्व चैम्पियनशिप के 8.25 मीटर के 'क्वालिफाइंग मार्क' को पार किया. उन्होंने दो अन्य प्रयासों में भी आठ मीटर से ज्यादा (8.07 मीटर और 8.21 मीटर) की कूद लगाई. अगस्त में बर्मिंघम में कॉमनवेल्थ गेम्स का सिल्वर मेडल जीतने वाले श्रीशंकर की सर्वश्रेष्ठ कूद 7.93 मीटर की रही जो उनके पहले प्रयास में आई थी. उन्होंने 7.55 मीटर की एक और कूद लगाने के बाद 'हैमस्ट्रिंग' चोट के कारण बाकी चार प्रयास नहीं करने का फैसला किया. अन्य लंबी कूद के शीर्ष एथलीट केरल के मोहम्मद अनीस याहिया ने 7.92 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया।

### रॉसी मीना ने तोड़ा नेशनल रिकॉर्ड

तमिलनाडु की 'पोल वॉल्टर' रॉसी मीना पॉलराज हालांकि एथलेटिक्स स्पर्धा की स्टार रहीं. उन्होंने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए 4.20 मीटर से स्वर्ण पदक जीता. उन्होंने इस तरह 2014 में बनाए वीएस सुरेखा के 4.15 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया. तमिलनाडु की उनकी दो साथी पविता वेंगाटेश (चार मीटर) और बारानिका इलांगोवान (3.90 मीटर) ने क्रमश- दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया. स्टार तलवारबाज भवानी देवी, पहलवान दिव्या काकरन और स्थानीय निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन का शुक्रवार को 36वें राष्ट्रीय खेलों में दबदबा रहा, सभी ने स्वर्ण पदकर जीता. इसके अलावा भवानी देवी (तमिलनाडु) ने राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की सेबर स्पर्धा में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की. फ्रांस में अपने ट्रेनिग बेस से उड़ान भरने के बाद और एथलीटों की परेड में तमिलनाडु का झंडा लहराने के बाद, उन्होंने भारत के सर्वश्रेष्ठ सेबर फेंसर के रूप में दावा करते हुए महात्मा मंदिर परिसर में एक दिन बिताया.

### दिव्या काकरन का कमाल

इस बीच, दिव्या काकरन (उत्तर प्रदेश) ने कुश्ती प्रतियोगिता के पहले दिन दांव पर लगे सभी छह स्वर्ण पदकों पर हरियाणा के क्लीन स्वीप को रोक दिया. उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हरियाणा की रीतिका, रोहिणी सत्य शिवानी (तेलंगाना) और रानी (हिमाचल प्रदेश)को हराकर महिलाओं का 76 किग्रा वर्ग का खिताब जीता. अंकिता रैना की मौजूदगी में गुजरात की महिला टीम ने कर्नाटक पर आसान जीत के साथ टेनिस फाइनल में अपनी जगह बनाई. वह शनिवार को रिवरसाइड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में महाराष्ट्र के खिलाफ स्वर्ण पदक के मैच में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे. हरियाणा के पुरुषों और ओडिशा की महिलाओं ने महाराष्ट्र की टीमों पर जीत के साथ रग्बी 7 का स्वर्ण पदक जीता।

# हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी का फायदा ऋषभ पंत को उठाना होगा



**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारतीय पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा का कहना है कि अगर विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में आगामी मैचों में रन बनाते हैं तो यह भारत के लिए प्लस पॉइंट होगा। दरअसल, साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज में हार्दिक पांड्या का चयन नहीं हुआ है। उन्हें टी20 वर्ल्ड कप से पहले एनसीए रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। ऐसे में टीम से बाहर चल रहे पंत को लगातार तीन मैच खेलने का मौका मिलेगा और इस दौरान उनके पास टीम में जगह पक्की करने का शानदार मौका है। दिनेश कार्तिक के शानदार परफॉर्मेंस के चलते ऋषभ पंत पिछले कुछ समय से टी20 टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पा रहे हैं। रोहित शर्मा ने भी यह साफ कर दिया है कि इन दोनों में से कोई एक ही खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में खेल सकता है। ऐसे में हार्दिक पांड्या की गौरमौजूदगी का फायदा पंत उठा सकते हैं। क्रिकबज के एक शो के दौरान जब आशीष नेहरा से प्लेयर टू वॉच आउट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने ऋषभ पंत का नाम लिया। उन्होंने कहा च्मैं ऋषभ पंत को देखना चाहूंगा। उनका अब प्लेइंग इलेवन में होना तय है, हार्दिक पांड्या के नहीं होने से उनके पास अच्छा मौका है। वह पिछले कुछ समय से टीम से अंदर-बाहर होते रहे हैं। अब अगर वह भी रन बनाता है, तो यह भारत के लिए एक और प्लस पॉइंट वहीं जब यह सवाल शो में शामिल आरपी सिंह से पूछा गया तो उन्होंने भारत से सूर्यकुमार यादव और साउथ अफ्रीका से क्विंटन डी कॉक का नाम लिया। सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर को वो मजबूती दी है जिसकी तलाश भारत को कई सालों से थी। मौजूदा आईसीसी टी20 रैंकिंग में वह मोहम्मद रिजवान के बार दूसरे पायदान पर हैं। तिरुवनंतपुरम में भी 50 रनों की शानदार पारी खेल उन्होंने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

## भारतीय महिला टीम को वनडे और टी20 रैंकिंग में फायदा, दोनों फॉर्मेट में चौथे स्थान पर कायम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम शनिवार को जारी सालाना अपडेट के बाद आईसीसी वनडे और टी-20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर बनी हुई है। भारत ने वनडे रैंकिंग में एक अंक हासिल किया और उसके अब कुल 104 अंक हो गए हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को टी-20 में चार अंक का फायदा हुआ और उसके अब कुल 266 अंक हैं। सालाना अपडेट के बाद 2018-19 के परिणामों को हटा दिया गया है जबकि 2019-20 और 2020-21 के परिणामों का महत्व 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह से 2021-22 के मैचों को आकलन करते समय शत प्रतिशत महत्व दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया रिकॉर्ड अंतर के साथ वनडे में शीर्ष पर बना हुआ है जबकि टी20 टीम रैंकिंग में भी उसने अपनी बढ़त बढ़ाई है।

**महिला एशिया कप में भी विजयी शुरुआत-** महिला एशिया कप में भी भारतीय टीम ने जीत के साथ शुरुआत की है। भारत ने पहले मैच में श्रीलंका को 41 रन से हराया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 150 रन बनाए थे। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम सिर्फ 109 रन के स्कोर पर सिमट गई। भारत के लिए सबसे ज्यादा रन जेमिमा रोड्रिग्ज से बनाए। उन्होंने 76 रन की पारी खेली। उनके अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 रन बनाए। श्रीलंका की रानासिंगे ने तीन विकेट लिए।

# बेड को लेकर निमरत पर भड़कीं अर्चना

## साजिद खान ने हाउसफुल किया बिग बॉस का घर



**मुंबई, एजेंसी।** बिग बॉस के 16वें सीजन का आगाज हो गया है। शो के होस्ट सलमान खान उन सभी प्रतिभागियों का परिचय करा रहे हैं, जो अगले 105 दिन तक बिग बॉस के घर में कैद रहेंगे। बिग बॉस के स्टेज पर साजिद खान ने खुद से जुड़े विवादों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि अहंकार की वजह से मुझे काफी नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि इसी वजह से उनके करियर भी बुरे दौर से गुजरा। बता दें कि मीटू मूवमेंट के दौरान साजिद खान पर भी काफी आरोप लगे थे। उनकी कई साथी महिला कलाकारों ने साजिद खान पर यौन दुर्व्यवहार के आरोप लगाए थे। इसके बाद इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स ने उनके फिल्म डायरेक्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

**10 हजार डिश गरम कर सकते हैं साजिद खान-** सलमान खान ने साजिद खान से घर के काम के बारे में सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि मैं 10 हजार डिश गर्म कर सकता हूं, लेकिन कुछ पका नहीं सकता। मैं सिर्फ चाय-कॉफी तक सीमित हूं। सलमान खान ने कहा कि इस बार शो में कोई कपल नहीं है तो क्या बीवी ढूंढोगे? इस पर साजिद खान ने कहा कि मुझे बीवी नहीं टीवी चाहिए।

**साजिद खान ने गिनाईं अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्में-** साजिद खान ने कहा कि मैंने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई तो लोगों ने उन्हें हमशकल्स जैसी सुपर फ्लॉप फिल्म याद दिला दी। इसके बाद उन्होंने कहा कि मैं कंटेस्टेंट बनकर बिग बॉस के घर में जा रहा हूं।

**सलमान खान को ढूंढते नजर आए साजिद खान-** बिग बॉस 16 के स्टेज पर साजिद खान की भी एंट्री हो चुकी है। वह सलमान खान को ढूंढते नजर आए। उन्होंने कहा कि मैं लॉन्ड्री वाले से कपड़े उधार लाया हूं। उन्होंने खुद को बिग बॉस का होस्ट बताया। साथ ही, कहा कि लोगों ने झूठ फैला दिया है कि मैं यहां कंटेस्टेंट बनकर आया हूं।

**बेड और सामान को लेकर निमरत पर भड़कीं अर्चना-** कैप्टन निमरत कौर ने अर्चना को बेड बदलने के लिए कहा, जिस पर वह भड़क गईं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को पागल तक कह डाला। अर्चना ने कहा कि मुझे मेरा शीशे वाला बेड चाहिए। मैं वह किसी को नहीं दूंगी। उन्होंने निमरत पर बेड छीनने का आरोप भी लगाया।

# ऐश्वर्या से कम नहीं सनम शेट्टी की खूबसूरती


## क्वीन लुक में दिखीं गॉर्जियस



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड में शिल्पा शेट्टी, सुनील शेट्टी, शमिता शेट्टी, रोहित शेट्टी जैसे कई जाने- माने चेहरे हैं तो वहीं साउथ फिल्म इंडस्ट्री में केजीएफ फेम श्रीनिधि शेट्टी काफी मशहूर हैं. जबकि सनम प्रसाद शेट्टी धीरे- धीरे इंडस्ट्री में खुद के लिए एक स्पेस बना रही हैं. अभिनेत्री मणिरत्नम की फिल्म ponniyin selvan में अहम रोल में हैं जिनके नाम के चर्चे ही नहीं हुए. बात अगर वर्कफ्रंट को लेकर करें तो सनम मुख्य रूप से तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में काम करती हैं।

# इन सितारों ने नहीं बसाया घर

## किसी ने अधूरी मोहब्बत तो किसी ने किरदार की वजह से लिया फैसला





मंबई, ईएमएस। बॉलीवुड सितारों के फिल्मी किरदारों से इतर उनकी निजी जिंदगियों में भी प्रशंसकों की खूब दिलचस्पी रहती है। जब पसंदीदा सितारे शादी के बंधन में बंधते हैं, तो फैंस को यूं खुशी होती है, जैसे इनके परिवार का ही मामला हो। वहीं, बॉलीवुड के कुछ सितारे ऐसे हैं, जिन्होंने शादी ही नहीं की। वे अपनी सिंगल लाइफ एंजॉय कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से कुछ का तो शादी का कोई इरादा ही नहीं है।

**आशा पारेख-** हिंदी सिनेमा की मशूहर अभिनेत्री आशा पारेख अपने अभिनय और फिल्मों के लिए इंडस्ट्री में जानी जाती हैं। हाल ही में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आज अभिनेत्री अपना जन्मदिन मना रही हैं। वह 80 वर्ष की हो गई हैं। पर्दे पर अपनी खूबसूरती और अभिनय से लाखों दिलों को चुराने वालीं आशा पारेख असल जिंदगी में बिल्कुल अकेली हैं। उन्होंने कभी शादी नहीं की, जिसका उन्हें बिल्कुल भी अफसोस नहीं है। इसके पीछे एक दिलचस्प किस्सा है। ऐसा नहीं था कि आशा पारेख शादी कभी नहीं करना चाहती थी। लेकिन अधूरी प्रेम कहानी के चलते वह पूरी जिंदगी अकेली रहीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक आशा पारेख उस जमाने के जाने-माने निर्देशक नासिर हुसैन के साथ रिश्ते में थीं। लेकिन नासिर पहले से ही शादी-शुदा थे, जिसके चलते उनका यह रिश्ता किसी मुकाम तक नहीं पहुंच सका।

**मुकेश खन्ना-** शक्तिमान बनकर बच्चों के साथ धूम मचाने वाले अभिनेता मुकेश खन्ना अक्सर खबरों में रहते हैं। वह 64 वर्ष के हैं और अकेले हैं। दरअसल, एक्टर ने कभी शादी नहीं की। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुकेश खन्ना ने जब च्महाभारतज में भीष्म पितामह का रोल अदा किया तो इससे प्रभावित होकर उन्होंने आजीवन अविवाहित रहने का निर्णय लिया था। इसलिए, इन्होंने कभी विवाह नहीं किया।

**अक्षय खन्ना -** अपने जमाने के मशहूर अभिनेता विनोद खन्ना के बेटे और एक्टर अक्षय खन्ना भी अविवाहित हैं। यूं तो कई हसीनाओं से उनका अफेयर रहा है, लेकिन शादी तक किसी के साथ बात नहीं पहुंच सकी। अक्षय खन्ना 47 वर्ष के हैं और सिंगल हैं। एक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा था कि वह अपनी लाइफ को इसी तरह एंजॉय कर रहे हैं।

**करण जौहर-** फिल्मी पर्दे पर प्रेम कहानियों को रोमांटिक अंदाज में पेश करने वाले निर्देशक करण जौहर ने इस वर्ष मई में अपना 50वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। लेकिन, शादी की बात करें तो वह अब तक सिंगल हैं। हालांकि, करण जौहर हाल के दिनों में यह कह चुके हैं कि जिंदगी के इस पड़ाव पर उन्हें लाइफ पार्टनर की कमी खलती है। देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में क्या उनके घर शहनाई बजती है!

**एकता कपूर-तुषार कपूर-** बॉलीवुड के अविवाहित सितारों की बात करें तो इस लिस्ट में तुषार कपूर भी आते हैं। तुषार कपूर ही नहीं, बल्कि उनकी बहन एकता कपूर ने भी विवाह नहीं किया है। बात तुषार की करें तो वह सिंगल फादर बन गए हैं, लेकिन अभी तक उनकी जिंदगी में ऐसी कोई लड़की नहीं आई है जिसके साथ वो शादी कर सकें। एक बातचीत के दौरान तुषार ने कहा था, च्वह अपनी लाइफ में सिंगल ही खुश हैं।

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन

# प्रदेशव्यापी नशामुक्ति अभियान

2 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2022



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

## शुभारंभ

- स्वैच्छिक संगठनों, धर्म गुरुओं सहित सभी वर्गों की सक्रियता बढ़ाकर जनसहभागिता को प्रोत्साहन
- सभी जिलों के नगरीय निकायों एवं ग्रामसभाओं में शपथ ग्रहण, रैलियां एवं मानव श्रृंखलायें
- स्कूल, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में प्रतियोगिता, मैराथन एवं नुक्कड़ नाटक
- नशामुक्त ग्राम पंचायतों को प्रति पंचायत एक लाख रुपये का सम्मान
- नशा ग्रस्त व्यक्ति के लक्षणों के प्रति आमजन को जागरुक कर लोगों को नशामुक्त बनाना
- परिवार को नशामुक्त रखने हेतु महिलाओं को सशक्त करने पर विशेष ध्यान

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
के मुख्य आतिथ्य

एवं

**साध्वी उमा भारती**
पूर्व मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश

**डॉ. वीरेंद्र कुमार**
केन्द्रीय मंत्री
सामाजिक न्याय
और अधिकारिता मंत्रालय

**स्वामी बाबा रामदेव**
संस्थापक
पतंजलि योगपीठ
एवं पतंजलि आयुर्वेद

**कमलेश पटेल "दाजी"**
अध्यक्ष
श्रीराम चन्द्र मिशन

**डॉ. चिन्मय पण्डया**
प्रति कुलपति
देव संस्कृति विश्वविद्यालय
गायत्री परिवार

**प्रेमसिंह पटेल**
मंत्री, सामाजिक न्याय
एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन

**डॉ. अशोक वार्ष्णेय**
राष्ट्रीय संगठन सचिव
आरोग्य भारती

की गरिमामयी उपस्थिति में

**2 अक्टूबर, 2022, अपराह्न 12:30 बजे**
**लाल परेड मैदान, भोपाल**

D-11108/22




**आईये हम सब मिलकर स्वयं एवं अपने परिवार को नशामुक्त रखने की शपथ लें**

**जिंदगी को हां और नशे को ना कहें**

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

## सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी/2022

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2022